सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 16 अंक - 44 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 27 नवंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

पुलिस परिवार को छूट देना पड़ा भारी आरक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

प्रदेश भर में जारी है आरक्षक संवर्ग 2023-24 के लगभग 6000 पदों पर भर्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में आरक्षक संवर्ग 2023-24 के पदों पर होने वाली भर्तियों पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। भर्ती प्रक्रिया के तहत राज्य के जिलों में आरक्षकों के अलग-अलग पदों पर भर्तियां होने वाली थी। इस मामले में पुलिस व सैन्य कर्मियों की संतानों को मिलने वाली छूट को लेकर याचिकाकर्ता ने विरोध जताया। हाईकोर्ट ने भी माना कि यह सही नहीं है और इस वजह से इस पर रोक लगाई गई है। मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच में हुई। हाईकोर्ट के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ में हो रही 6000 आरक्षकों की भर्ती पर फिलहाल रोक लग गया है।

दरअसल हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता बेदराम टंडन ने याचिका दायर की। उन्होंने अपनी याचिका में बताया कि आरक्षक संवर्ग 2023-24 भर्ती प्रक्रिया के तहत राज्य के सभी जिलों में अलग-अलग पदों पर भर्ती होनी थी। इसमें याचिकाकर्ता के पुत्र ने राजनांदगांव में होने वाले कांस्टेबल जनरल ड्यूटी के लिए आवेदन दिया था। राजनांदगांव जिले में इस केटेगरी के तहत 143 पद जारी किये गए थे, लेकिन विज्ञापन जारी होने और फॉर्म भरने के बाद डीजी पुलिस ने सचिव को इस नियुक्ति प्रक्रिया में पुलिस विभाग में कार्यरत व भूतपूर्व सैनिक कर्मचारियों के बच्चों को छूट देने संबंधी पत्र लिखा था। पत्र में सुझाव देते हुए लिखा गया था कि, भर्ती नियम 2007 कंडिका 9(5) के तहत भर्ती प्रक्रिया के मापदंडों को शिथिल किया जा सकता है, जिसमें फिजिकल टेस्ट के दौरान सीने की चौड़ाई और ऊंचाई जैसे कुल 9 पॉइंट्स में शामिल थे। अवर सचिव ने इस सुझाव को स्वीकार भी कर लिया। इसके विरोध में बेदराम टंडन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

कोर्ट ने माना- पुलिस कर्मियों की संतानों को छूट देना भेदभाव

हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया गया कि केवल पुलिस विभाग के कर्मचारियों के संतानों को छूट देना आम नागरिको के साथ भेदभाव है, इसलिए इस भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। मामले में वकील की ओर से पेश किए गए दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरक्षक संवर्ग 2023-24 के अलग अलग पदों पर होने वाली भर्तियों पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि क्योंकि नियमों को शिथिल करने का लाभ सभी पदों पर मिलता इसलिए सभी पदों पर होने वाली भर्ती पर रोक लगा दी गई है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में हो रही भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है।

हाईकोर्ट ने जताई आपत्ति

पुलिसकर्मियों व पूर्व सैन्य कर्मियों की संतानों को भर्ती में छूट के प्रावधान पर हाईकोर्ट ने आपत्ति जताई। हाईकोर्ट ने कहा कि नियमों के तहत डीजीपी को अधिकार दिया गया है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि वे मनमाना छूट देंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि, छूट देने का नियम है इसका मतलब यह नहीं कि डीजीपी कमेटी बनाकर ऐसा करे। केवल पुलिस अधिकारियों के बेटे व बेटियों को छूट मिले यह गलत है। नियम बना है कि तो इसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिलना चाहिए।

विभिन्न जिलों में जारी है भर्ती

बता दें छत्तीसगढ़ में बीते 10 दिनों से विभिन्न जिलों में आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। आवेदकों को फिजिकल व मेडिकल टेस्ट लिया जा रहा है। भिलाई के सातवीं वाहिनी में भी अलग अलग जिलों से सैकड़ों अभ्यर्थी आरक्षक भर्ती में शामिल होने आए हैं। दुर्ग जिले के अलावा अन्य जिलों में भी आरक्षक भर्ती चल रही है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब इन भर्तियों पर असर पड़ेगा। अब देखना है कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद पुलिस विभाग का इस मामले में क्या स्टेंड रहता है।

खास-खबर

मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं को कंटेनर ने मारी टक्कर, एक की मौत और दो गंभीर

जांजगीर चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में तेज रफ्तार छोटा कंटेनर वाहन के चालक ने मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन महिलाओं को पीछे से जोरदार ठोकर मारी है। हादसे में 30 वर्षीय महिला लक्ष्मी भारद्वाज की मौत हुई है। वहीं दो महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हुई है जिनका उपचार जिला अस्पताल जांजगीर में जारी है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

दरअसल,, बुधवार की सुबह करीबन 6.30 बजे लक्ष्मी भारद्वाज, ज्योति यादव और सुनीता बरेठ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। पुलिस लाईन के पास सड़क में पैदल चल रहे थे। इस दौरान डाक पार्सल लिखा तेज रफ्तार छोटा कंटेनर वाहन पीछे से आकर तीनो महिलाओं को अपनी चपेट में लेते हुए जोरदार ठोकर मारी हादसे में तीनो एक दूसरे से दूर जा गिरी, वहीं लक्ष्मी भारद्वाज के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पैर ही मौत हुई। ज्योति यादव और सुनीता बरेट को गंभीर हालत में जिला अस्पताल जांजगीर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि पुलिस लाईन में पदस्थ आरक्षक प्रवीण भारद्वाज की पत्नी लक्ष्मी भारद्वाज की मौत हुई है। छोटा कंटेनर वाहन और चालक को पकड़ा लिया गया है। थाने में अपराध दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

राज्य सेवा परीक्षा 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी, विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

रायपुर। सीजीपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। सीजीपीएससी में विभिन्न विभागों में बंपर भर्ती निकली है। राज्य सेवा परीक्षा 2024 के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसमें आबकारी उप निरीक्षक के सबसे अधिक 90 पद हैं। डिप्टी कलेक्टर के 7 पद हैं। इस बार डीएसपी के लिए 21 पद शामिल हैं।

प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 01 से 30 दिसंबर तक भरे जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंजीकृत उम्मीदवार 31 दिसंबर से दो जनवरी 2025 तक अपने आवेदन फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को दो पालियों आयोजित की जाएगी। पहला सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगा। मुख्य परीक्षा 26, 27, 28 और 29 जून 2025 को आयोजित की जाएगी।

तमिलनाडु से 2 दिन में टकरा सकता है फेंगल तूफान, मौसम का अलर्ट

चेन्नई ए.। बंगाल की खाड़ी से उठा फेंगल तूफान आज चक्रवात में बदल गया है। अगले दो दिन यह तमिलनाडु की तरफ बढ़ेगा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान 75-80 किमी की स्पीड से हवाएं चलेंगी। चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम, तिरुवल्लुर, कुड्डालोर, नागापट्टिनम में लगातार बारिश जारी है। इन 6 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। चेन्नई में मंगलवार को 7 फ्लाइट्स लेट हो गईं।

तूफान के असर को लेकर तमिलनाडु के ष्टरू एमके स्टालिन ने हाई-लेवल बैठक की। एनडीआरएफ की 7 टीमों को तिरुवरुर, मयिलादुथुरई, नागापट्टिनम और कुड्डालोर जिले में तैनात किया गया है। तूफान के कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश और कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है, 28 और 29 नवंबर को भी तटीय इलाकों में तेज बारिश का अलर्ट है। आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। 28 और 29 नवंबर को तेज बारिश का अलर्ट है। केरल में 28 नवंबर को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। जिन जिलों के तूफान से प्रभावित होने की आशंका है उनके कलेक्टर्स ने मुख्यमंत्री को बताया कि पर्याप्त संख्या में रिलीफ कैंप और मेडिकल टीम को स्टैंडबाय पर रखा गया है और सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। सीएम स्टालिन ने सभी अधिकारियों को आदेश दिया है।

अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज को 109 करोड़ की स्वीकृति, टीएस सिंहदेव ने जताया सीएम साय व वित्तमंत्री चौधरी का आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कांग्रेस के सीनियर नेता उप-मुख्यमंत्री ञ्जस सिंहदेव ने भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित मंत्री ओपी चौधरी की तारीफ की है। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज को 109 करोड रुपए की स्वीकृति मिलने पर सिंहदेव ने सीएम साय वित्तमंत्री का आभार जताया। सिंहदेव की तारीफ का सोशल मीडिया पर मंत्री ओपी चौधरी ने जवाब भी दिया है।

दरअसल दिसंबर 2023 का एक पत्र भी सिंहदेव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखा था कि अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के प्रोजेक्ट में 109 करोड़ की जरुरत है बजट बढ़ने की वजह से। यह राशि स्वीकृत करने की मांग सिंहदेव ने बजट 2024 -25 के लिए की थी। इसके बाद यह स्वीकृति अब मिली तो सिंहदेव ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव और वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी का धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे लिखा- क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज बनने से इलाके के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

जवाब में मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया पर सिंहदेव को टैक किया। मंत्री ने इस स्वीकृति को लेकर लिखा- धन्यवाद टी एस सिंहदेव जी... हम सामूहिक प्रयास से छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि आम जनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके।

डिवाइडर तोड़ ट्रक से टकराई कार, पांच डॉक्टरों की मौत

■ कन्नौज में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के हुआ हादसा

कन्नौज ए.। बुधवार की सुबह भीषण सड़क हादसे में पांच डॉक्टरों की मौत हो गई है। वहीं एक घायल बताया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर यह हादसा हुआ। भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ ट्रक से टकरा गई। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के पांच डॉक्टरों की दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के साढ़े तीन बजे के करीब हादसा हुआ। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के पांच डॉक्टरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी डॉक्टर लखनऊ से शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। सुबह 3:43 पर कंट्रोल रुम से सूचना मिली कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 196 पर हादसा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्कार्पियो आगरा जा रही थी, नींद आने के कारण कार डिवाइडर तोड़ कर आगरा से लखनऊ जाने वाली दिशा में पहुंच गई। इसके बाद आगरा की तरफसे आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे में अनिरुद्ध वर्मा (29) निवासी राधा विहार एक्सटेंशन, कमला नगर आगरा, संतोष कुमार मौर्य निवासी राजपुरा भाग-3 भदोही संत रविदास नगर, अरुण कुमार निवासी मल्लू मोचीपुर, कन्नौज, नरदेव निवासी बायपास रोड नजदीक श्याम चरण स्कूल नवाबगंज बरेली व एक अन्य की मौत हो गई। वहीं जयवीर सिंह निवासी बुद्ध विहार मुरादाबाद गंभीर घायल है। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है। शवों को मोर्चरी में रखा गया है। बताया गया कि सभी मृतक डॉक्टर हैं और सैफई मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे हैं। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक चालक मौके से भाग गया है।

मौसम : छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में गिरावट, कई जिलों में कड़ाके की ठंड

■ मौसम विभाग की चेतावनी, कुछ दिन और ऐसे ही रहेगा मौसम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कड़ाके आउटर इलाकों में अब कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंडी हवाओं की वजह से ठंड बढ़ गई है। रात और सुबह के साथ ही अब दिनभर ठंड लगने लगी है। लगातार न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की वजह से प्रदेश में ठंड बढ़ने लगी है। नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। वहीं प्रदेश में हवा की दिशा बदल रही है, जिसके वजह से प्रदेश में मौसम में आगामी कुछ दिनों तक बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में दो दिन तक न्यूनतम तापमान में परिवर्तन की कोई संभावना नहीं है। न्यूनतम तापमान में अब ज्यादा वृद्धि भी नहीं होगी, और न ही गिरावट आएगी। आगामी तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि आगामी दो दिनों के बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के दक्षिण भागों में दो डिग्री सेल्सियस तक न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है। वहीं प्रदेश के शेष भागों में तापमान में कोई परिवर्तन नहीं होगी।

इन दिनों सबसे ज्यादा ठंड बलरामपुर में है। शनिवार को प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 08. 5 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया। वहीं सबसे अधिक तापमान 30.9 डिग्री सुकमा में रहा। अब दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिन बाद न्यूनतम तापमान में एक-दो डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में रविवार को बादल रहने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। बिलासपुर में 13.4 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 9.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री कम था। वहीं कोरबा में 12.4, रहा जो औसत से 3.3 डिग्री कम था। रायपुर में न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री दर्ज किया गया है, जो की सामान्य से एक डिग्री कम है।

संपादकीय

मकसद साफ है संसद नहीं चलने देना है

संसद सत्र आता है तो सबसे पहले यह खटका लगा रहता है कि यह सत्र ठीक से चलेगा या नहीं चलेगा क्योंकि संसद के कई सत्र किसी न किसी कारण से चलने नहीं दिए गए हैं। ऐसा भी नहीं है कोई राष्ट्रहित व जनहित का बड़ा मामला हो ऐसा होता तो भी जनता मान लेती की विपक्ष सही कर रहा है। होता यह है कि जब संसद सत्र शुरू होने वाला होता है तो उसके कुछ दिन पहले विदेशी अखबार कोई ऐसा खबर छापते हैं, कोई विदेशी संस्था ऐसी रिपोर्ट जारी कर देती है जिसे देश के लोग भले सच न माने लेकिन विपक्ष उसे दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला बताता है और संसद में उसी पर चर्चा की मांग करता है,संसद अपन नियमों से चलती है, विपक्षी कुछ भी मांग करता रहेगा तो संसद उसके हिसाब से थोड़ी चलेगी। संसद को चलाना लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी होती है, वह नियमों के अनुसार संसद चलाना चाहते हैं तो विपक्ष को उसमें सहयोग करना चाहिए।

> ***यह तो लोकतांत्रिक व्यवहार नहीं होता है कि हम जैसा चाहते हैं संसद को वैसे चलाया जाए। संसद ने चलने देने व संसद में हंगामा करने से जनता को लगता है कि विपक्ष देशहित व जनहित में सोच नहीं रहा है, वह अपनी राजनीति चमकाने के लिए सरकार को घेरने के लिए, सरकार को गलत साबित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। नहीं तो क्या वजह है कि विदेशी अखबार में खबर छपती है कि पेगासस के जरिए कई देशों में विशिष्ट लोगों की जासूसी की जा रही है। भारत के बारे में कहीं नहीं लिखा था रिपोर्ट में भारत में पेगासस के जरिए यहां के लोगों की जासूसी की जा रही है लेकिन विपक्ष के लिए सबसे बड़ा सत्य जो उसका इको सिस्टम मानता है।***

मामला सुप्रीम कोर्ट गया, सुप्रीम कोर्ट ने जांच कराई तो किसी के भी फोन में पेगासस नहीं पाया गया लेकिन इस विदेशी झूठी खबर के चलते राहुलगांधी सहित विपक्ष ने संसद सत्र बरबाद कर दिया। विपक्ष जब क्षुद्र राजनीति के लिए विदेशी ताकतों को हाथों खिलौना बन जाता है तो उसकी साख देश में कम हो जाती है। वह जनता की नजर में भरोसेमंद नहीं रह जाता है जनता को लगता है विपक्ष मोदी सरकार को बदनाम करने के बहाने ढूंढता है और विदेशी ताकते उसे यह मौका मुहैया कराती रहती है। पेगासस के अलावा हिंडनबर्ग ने अडानी के खिलाफ फर्जी रिपोर्ट जारी की तो उस पर विपक्ष ने यकीन किया और संसद सत्र चलने नहीं दिया। यह रिपोर्ट भी संसद सत्र के ठीक पहले विदेश संस्था ने जारी की थी। इसकी भी जांच सुप्रीम कोर्ट ने कराई तो इसमें भी कुछ सच नहीं निकला। हिंडनबर्ग को सेवी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया तो उसने जवाब की जगह सेवी अध्यक्ष पर सवाल उठा दिया कि उन्होंने ठीक से जांच नहीं कराई, कांग्रेस ने सेवी की अध्यक्ष की विश्वसनीयता पर कई बार सवाल उठाया लेकिन सेवी अध्यक्ष ने हर आरोप का जवाब दिया है और आरोप लगाने वालों को झूठा साबित किया है।

यहां सवाल उठना स्वाभाविक है कि पूरी दुनिया में भारत के उद्योगपति अडानी ही सब कुछ गलत करते हैं, बाकी दुनिया के सार उद्योगपति पाक साफ है, उन्होंने कभी कोई गलत काम नहीं किया है। माना जाता है कि अडानी को टारगेट इसलिए किया जाता है कि वह देश के ऐसे उद्योगपति है जिनका सहयोग भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम है। इसी वजह से फिर भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए अडानी को विदेश से टारगेट किया गया है। इसे लेकर संसद में तो बवाल शुरू हो गया है हमेशा की तरह अडानी के शेयर गिरने अडानी को तो नुकसान हुआ है, देश को व देश की जनता को भी नुकसान हुआ है। सब जानते हैं कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, वह मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवी अर्थव्यसवथा बन गया है और आने वाले कुछ दिनों में वह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। यह बात विश्व की पहले दूसरी नंबर के देश को कैसे पसंद आ सकती है। वह नहीं चाहते है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर कर उनको चुनौती दे। इसलिए चीन हो या अमरीका कुछ न कुछ ऐसा करते रहते हैं कि भारत के संसद में अराजकता की स्थिति बनी रहे। देश में राजनीतिक बवाल होता रहे। देश में कही न कहीं अशांति बनी रहे।

पहले बरसों कश्मीर को विदेशी ताकतों ने अशांत कर रखा था, वहां मोदी सरकार शांति लेकर आई है तो वहां फिर से हिंसा के जरिए अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। इसी तरह मणिपुर प्रायोजित हिंसा के चलते अशांत है, दोनों तरफके उग्रवादी हिंसा कर रहे है, इससे उनको कोई फायदा नहीं हो रहा लेकिन मणिपुर शांत नहीं हो पा रहा है। विपक्ष के लिए मणिपुर अशांत है यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है, उसे तो मणिपुर के मुद्दे को इसलिए उठाना है कि इससे मोदी सरकार की असफलता सामने आती है, विपक्ष को लगता है वह इस मामले में सरकार पर भारी पड़ता है तो उसे सरकार पर भारी पड़ना अच्छा लगता है।

नजरिया

विधानसभा के चुनावों के निहितार्थ

हर राज्य की अपनी अहमियत है। लेकिन राजनीतिक लिहाज से देखें तो उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा महत्व अगर किसी राज्य का है तो वह महाराष्ट्र है। देश की आर्थिक राजधानी इस राज्य की राजधानी है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों के मुकाबले 48 सीटों के साथ दूसरा बड़ा राज्य महाराष्ट्र है। राजनीतिक हलकों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी होने के लिए भारतीय जनता पार्टी सदा विपक्षी निशाने पर रहती है, उस संघ का मुख्यालय भी इसी राज्य में है। इस लिहाज से महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों का असर दूरगामी होना स्वाभाविक है।

उमेश चतुर्वेदी

मराठी मानुष ने जो जनादेश दिया है, उसका असर देश की राजनीति पर तो पड़ेगा ही, अर्थनीति पर भी पड़ेगा। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर भी कई बदलाव नजर आ सकते हैं। देश की राजनीति पर झारखंड के चुनाव नतीजों का भी पड़ना ही है। इसका असर दिखने लगा है। इंडिया गठबंधन की अगुआई राहुल गांधी से छीनने को लेकर आवाज उठने लगी है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से मांग आ भी गई है कि मोदी को चुनौती देने के लिए जरूरी है कि इंडिया गठबंधन की कमान राहुल गांधी की बजाय ममता बनर्जी को दी जाय।

महाराष्ट्र के क्षत्रप शरद पवार को लेकर हाल ही में कहा जाने लगा था कि उनके बिना महाराष्ट्र की सत्ता की कल्पना नहीं की जा सकती। इस धारणा को ढाई साल पहले बीजेपी ने तोड़ दिया था। एकनाथ शिंदे की अगुआई में शिवसेना में टूट हुई और सबसे ज्यादा 104 विधायक होने के बावजूद बीजेपी ने अपने कद्दावर नेता देवेंद्र फगनवीस को शिंदे का सहयोगी बनने के लिए राजी कर लिया। इस सरकार के कार्यकाल में हुआ लोकसभा चुनाव में बीजेपी की अगुआई वाली महायुति को समर्थन नहीं मिला। बीजेपी और शिवसेना-शिंदे- दोनों को लोकसभा सीटों का नुकसान झेलना पड़ा। लेकिन इससे बीजेपी और शिवसेना दोनों ने सीख ली। बीजेपी ने अपने पारंपरिक गढ़ विदर्भ पर फोकस तो किया ही, गैर मराठा वोटरों पर भी अपना ध्यान लगाया। मराठवाड़ा में शिवसेना शिंदे और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर भरोसा जताया। नतीजा सामने है। पार्टी ने इस बीच एक काम और किया। उसने माझी लड़की बहीण योजना लागू की। इसके तहत 21 से 65 साल तक की उम्र वाली पात्र महिलाओं को पंद्रह सौ रूपए महीने दिए जाने लगे हैं। राज्य की करीब एक करोड़ महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगा है। इसका फायदा महाराष्ट्र की महायुति सरकार को हुआ है। माना जा रहा है कि राज्य की महिलाओं ने महायुति की अगुआई वाली सरकार को अपना समर्थन दिया है।

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तरह कई अन्य राज्य सरकारें महिलाओं को आर्थिक सहयोग देना शुरू कर चुकी हैं। माना जा रहा है कि महाराष्ट्र के नतीजों के बाद इस चलन को और बढ़ावा मिलेगा। बाकी राज्य सरकारें भी तेजी से इस दिशा में कदम बढ़ाएंगी और महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश करेंगी। हालांकि झारखंड में एनडीए का यह फॉर्मूला नहीं चल पाया है। झारखंड की 81 में से 68 सीटों पर पुरूषों की तुलना में साढ़े पांच लाख से ज्यादा महिला वोटरों ने मतदान किया है। बीजेपी वहां के लिए ढाई हजार रूपए की माई सम्मान योजना का प्रस्ताव लेकर आई थी, लेकिन वहां की महिलाओं ने हेमंत सोरेन की गोगो दीदी योजना पर ही ज्यादा भरोसा जताया।

महाराष्ट्र के चुनावों का असर कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर भी पड़ सकता है। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 13 सीटें जीतकर बड़ा दल बनने के बाद पार्टी ने ग्रेस सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। इसके चलते पार्टी में गुरूर दिखने लगा। विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे में पार्टी खुद को सबसे आगे रखने और सहयोगी दलों को पीछे रखने की रणनीति पर काम करने लगी। चुनाव नतीजे आने से पहले ही मुख्यमंत्री पद को लेकर जिस तरह खींचतान सामने आई, उससे साफथा कि कांग्रेस की अगुआई वाले गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं था। इसका असर चुनाव नतीजों पर साफ नजर आ रहा है। इसकी तुलना में झारखंड में पार्टी ने हेमंत की सहयोगी की भूमिका में रखा तो वहां के नतीजे अलग तरीके से आए। साफ है कि पार्टी जहां खुद का वर्चस्व रखती है, वहां उसे मुंह की खानी पड़ रही है, लेकिन जहां वह सहयोगी दलों की बैसाखी पर आगे बढ़ने की कोशिश करती है, उसे फायदा होता है। साफ है कि आने वाले दिनों में पार्टी को इस नजरिए से सोचना होगा। महाराष्ट्र के नतीजों से दिल्ली में कुछ महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी उत्साह में होगी। कांग्रेस जहां उसके साथ जाने का दबाव बना सकती है, वहीं आम आदमी पार्टी कुछ और मुफ्तिया वादों के साथ मैदान में मजबूती से उतर सकती है।

महाराष्ट्र के चुनावों में असली उत्तराधिकारी कौन का सवाल भी हावी था। शिवसेना को दोनों धड़े हों या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों खेमे, सभी खुद को ही असली शिवसेना और असली एनसीपी बता रहे थे। इस चुनाव में बेशक अजित पवार के खेमे की सीटें कम हुई हैं, लेकिन शरद पवार की एनसीपी से उसके ज्यादा ही विधायक जीते हैं। इसी तरह एकनाथ शिंदे की शिवसेना की सीटें बढ़ी हैं, जबकि हिंदुत्ववादी की बजाय सेकुलर चोला धारण करने वाले उद्धव ठाकरे की शिवसेना पिछड़ गई है। अब इन नतीजों के आधार पर अजित पवार की पार्टी असली एनसीपी होने का दावा करेगी तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी खुद को असली और बाला साहब ठाकरे की असल उत्तराधिकारी बताएगी। ऐसे में शरद पवार और उद्धव ठाकरे के सामने अपनी पार्टियों के वजूद को बचाए रखने का संघर्ष होगा। सत्तावादी राजनीति में विधायक लंबे समय तक सत्ता से दूर नहीं रह सकते। आने वाले दिनों में शरद पवार और उद्धव ठाकरे का विधायक दल टूटे तो हैरत नहीं होनी चाहिए।

शरद पवार का कहना है कि कटेंगे तो बंटेंगे का असर भी महाराष्ट्र के चुनावों में दिखा। बीजेपी की अगुआई वाले गठबंधन के खिलाफ राज्य का 11 फीसद मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हुआ। इसकी वजह से हिंदू वोट बैंक महायुति की ओर गोलबंद हुआ। वैसे जानकारों का मानना है कि मराठा आरक्षण की मांग रखने वाले मनोज जरांगे का पहले चुनाव लड़ने का ऐलान करना और बाद में शरद पवार आदि के दबाव में चुनाव से पैर पीछे खींचना भी महायुति की सफलता की वजह बना। इससे मनोज जरांगे की साख कमजोर हुई और मराठा वोटर महायुति की ओर लौट आया, जो लोकसभा चुनाव के दौरान उससे दूर हो गया था।

महाराष्ट्र के नतीजों से महायुति की अंदरूनी राजनीति पर भी असर पड़ने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र को बिहार की राह पर ले चलना नहीं चाहेगी। ऐसे संकेत उसने दिए भी हैं। यानी वह देवेंद्र फणनवीस को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश करेगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या एकनाथ शिंदे आसानी से मुख्यमंत्री पद छोड़ देंगे। इस मसले पर महायुति में तनाव दिख सकता है। जिसे खत्म करने के लिए बीजेपी आलाकमान को ऊर्जा लगानी पड़ेगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मसले पर राजनीतिक ऊंट किस करवट बैठता है।

झारखंड के नतीजों ने एक रिकॉर्ड बनाया है। राज्य के गठन के बाद कोई भी सरकार दोबारा सत्ता में नहीं आ पाई है। हेमंत सोरेन यह रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रहे हैं। इससे उनका राजनीतिक कद बढ़ेगा। इन नतीजों ने साबित किया है कि उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को झारखंड की जनता ने स्वीकार नहीं किया। झारखंड की कमान बीजेपी की ओर से हिमंत विश्वशर्मा और शिवराज सिंह चौहान को दी गई थी। उत्तर पूर्व से बाहर हिमंत को पार्टी की ओर से पहला असाइनमेंट मिला था। इसमें अगर वे सफल होते तो उनकी राष्ट्रव्यापी छवि बनती। लेकिन वे इसमें नाकाम रहे हैं। अगर बीजेपी को झारखंड में कामयाबी मिलती तो शिवराज का भी कद बढ़ता। लेकिन फिलहाल इसमें ब्रेक लगता दिख रहा है। बीजेपी को चंपई सोरेन के जरिए कोल्हान में चमत्कार की उम्मीद थी, लेकिन चंपई कोई कमाल नहीं दिखा पाए। इसका असर उनके राजनीतिक कद पर भी पड़ेगा। बीजेपी ने आदिवासी समुदाय की शख्सियत को राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया, इसके बावजूद लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उसे आदिवासी सीटों पर समर्थन ना मिलना चिंता का विषय होगा। बीजेपी को अपनी रणनीति पर विचार करना पड़ेगा और आदिवासी वोटरों के बीच भरोसा कायम करने के लिए सोचना पड़ेगा।

उपचुनावों में वायनाड से प्रियंका गांधी की जीत संभावित थी। लेकिन महाराष्ट्र की नांदेड़ सीट उसके हाथ से निकल गई। इससे साफ है कि कांग्रेस को अभी निन्यानबे के ही फेर में रहना होगा। सौ का आंकड़ा पार करने का उसका सपना पूरा नहीं हुआ। उपचुनावों में सबसे हंगामा उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों को लेकर रहा। इनमें बीजेपी की बढ़त का मतलब साफ है कि योगी सरकार का मकबूल बना हुआ है। वैसे राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दलों को ही समर्थन मिला है। दरअसल आज के वोटरों को यह समझ है कि उपचुनावों के नतीजों से सरकारों की सेहत पर खास असर नहीं पड़ता, इसलिए ज्यादातर मामलों में वे सत्ताधारी दलों के ही विधायकों को चुनते हैं, ताकि उनके इलाके की विकास गतिविधियां जारी रह सकें। इसका असर उपचुनाव नतीजों में दिख रहा है। हां, पश्चिम बंगाल के बारे में कहा जा सकता है कि वहां के उपचुनावों में आरजी कर मेडिकल कॉलेज कांड से उपजे क्षोभ का असर नहीं दिखा, जिसकी वजह से ममता बनर्जी बैकफुट पर नजर आ रही थीं। बिहार में प्रशांत किशोर का करिश्मा नजर नहीं आया, अलबत्ता एनडीए एक बार फिर मजबूती से उभरा है। इसका असर बिहार के अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों पर भी दिखेगा।

वैसे झारखंड की जीत में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बजाय राज्य के कुर्मी वोटरों का आजसू की बजाय नवगठित जेएलकेएम पार्टी की ओर खिसकता गया। अगर ऐसा नहीं होता तो राज्य की कहानी कुछ और होती। इसकी तस्दीक चुनावी आंकड़े भी करते हैं। जैसे इचागढ़ की सीट पर जेएमएम की जीत हुई। यहां उसे 57125 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहे आजसू प्रत्याशी को को 45070 वोट हासिल हुए। यहां पर जेएलकेएम को 38974 वोट मिले। सोचिए, अगर ये वोट आजसू को मिले होते तो क्या होता। इसी तरह जुगसलाई पर भी जेएमएम की जीत हुई, जिसे 120230 वोट मिले, जबकि आजसू को 77105 और जेएलकेएम को 36698 वोट मिले। इसी तरह कांके में विजयी रही कांग्रेस को 133499 और बीजेपी को 132531 वोट मिले। जबकि नवेली पार्टी जेएलकेएम को 25965 वोट मिले। इसी तरह खरसावां में हेमंत का प्रत्याशी जीता, जिसे 85772 वोट मिले। दूसरे नंबर पर रहे बीजेपी प्रत्याशी को 53157 वोट और जेएलकेएम को 33841 वोट मिले। इसी तरह तमाड़, रामगढ़, सिल्ली, खिजरी, चंदनक्यारी, गोमियों, सिंदरी, टुंडी, निरसा, बोकारो, गिरीडीह, बेरमो और डुमरी में अगर जेएलकेएम प्रत्याशी नहीं होते तो शायद झारखंड की कहानी अलग होती। अगर सोलह सीटें इंडिया गठबंधन की बजाय एनडीए के खाते में जातीं तो कहानी ठीक उलट होती। झारखंड के चुनाव के बाद तय है कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता जयराम महतो बड़े नेता बनकर उभरे हैं। आने वाले दिनों में हो सकता है कि वे बीजेपी के साथ जाएं। क्योंकि सुदेश महतो की बजाय बीजेपी के लिए वे ज्यादा मुफीद साबित हो सकते हैं।

(ये लेखक के विचार हैं)

कबूतरों की बीट रसायन स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक

भगवती प्रसाद डोभाल

हाल ही में कुछ अध्ययनों से चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं, जिनमें कबूतरों से खतरे की बात बताई गई है। इनमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीबी एंड रेस्पिरेटरी डिजीज के डॉ. मीत घोनिया ने बताया कि कबूतर की बीट में साल्मोनेला, ई. कोली और इंफ्लूएंजा-जैसे रोगाणु होते हैं, जिनसे अस्थमा-जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। कहा है कि इन दिनों ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो कबूतरों के संपर्क में रहे हैं। उसका कारण यही माना जा रहा है कि कबूतरों की बीट में जो रसायन पाया जाता है, वह स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है।

डॉ. मीत ने बताया कि जब कबूतर एक जगह ज्यादा संख्या में होते हैं, तब उनकी बीट से क्रिप्टोकोकी जैसे फंगल बीजाणुओं के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। यही बीजाणु हवा में अधिक मात्रा में होने के कारण व्यक्ति की सांस के माध्यम से फेफड़ों में चला जाता है। फिर सांस लेने में परेशानी हो जाती है। इस परेशानी से अस्थमा के मरीज बढ़ रहे हैं। यह एक ऐसा बीजाणु है, जो मनुष्य की जान लेने का कारण बनता है।

गंभीर बीमारी टीबी के फैलने के खतरों को देखते हुए दिल्ली नगर निगम ने प्रस्ताव रखा है कि दिल्ली में कबूतरों की बढ़ती आबादी को रोकने के लिए कबूतरों को दाना देने वालों को रोका जाए। यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि जहां-जहां दिल्ली शहर में कबूतरों को दाना डालने के स्थान लोगों ने बनाए हैं, उन्हें बंद किया जाए। एमसीडी द्वारा दाना डालने वाले स्थानों को रोकने से जनता खुश नहीं है। उसका कारण है लोगों की भावना। वे इन पक्षियों को जीवित रखना चाहते हैं। इतना ही नहीं, दाना देने वाली जगहों पर ऐसे व्यापारी भी बैठे होते हैं, जो कबूतरों के लिए दाना बिकवाते हैं; वे भी इस रोक से परेशान हैं, उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। दिल्ली के कनाट प्लेस, बाराखंबा, मंडी हाउस, पटेल नगर, शंकर रोड, मंदिर मार्ग, कड़कडड़ूमा, करोल बाग और रोहतक रोड के कई इलाकों के चौक-चौराहों पर कबूतरों के लिए दानागाह हैं। इन स्थानों पर नागरिक दूर-दूर से कबूतरों को दाना देने आते हैं, और उनके लिए पीने के पानी का बंदोबस्त भी किया जाता है। देखा गया है कि अधिकांश पक्षियों की प्रजातियां दिल्ली से लुप्त होती जा रही हैं।

गौरया को दिल्ली राज्य के पक्षी की मान्यता दी गई थी पर आज वह खोजने पर भी नहीं मिलती; लुप्त होने का कारण दिल्ली अब उसके रहने लायक नहीं रह गई। छोटे-छोटे स्थानों और पाकरे में वह अपनी संतति बढ़ाने के लिए घोसलों का निर्माण करती थी, लेकिन अब वे स्थान उसके लिए उपयुक्त नहीं रहे। साथ ही, भीड़ भरे स्थानों में गौरया का जीना दूभर हो गया है। ऐसे ही बहुत सारी प्रजातियां दिल्ली से लुप्त हो गई हैं। अब कबूतर ही दिल्ली में सर्वाइव कर रहे हैं क्योंकि वे बड़ी-बड़ी बहुमंजिली इमारतों में अपने घोसले बनाने का प्रयास करते हैं, छिपने का स्थान ढूंढ़ कर संतति बढ़ाते हैं। इसलिए कुछ स्थानों को छोड़ कर कबूतर दिख जाते हैं। वैसे कबूतर का मनुष्य से पुराना रिश्ता भी है। पुराने जमाने में वे ही संदेशवाहक का काम करते थे। राजा-महाराजाओं के संदेशों को पहुंचाने का इतिहास कबूतरों का ही रहा है।

इससे पता चलता है कि वे अक्सर आदमियों के करीब ही रहना ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन आज देश की बढ़ती अबादी महानगरों में ही सिमटने को अपना भविष्य मानती है। इस कारण इको सिस्टम ही बदल रहा है। वैज्ञानिक उपलब्धि का फायदा मनुष्य तो ले रहा है पर पर्यावरण को दरकिनार कर नई-नई दुारियों को बुलावा भी दे रहा है। संतुलित विकास का समीकरण ही बदल गया है। इसके साथ ही नये-नये वायरस भी जन्म ले रहे हैं, उनकी वजह से पूरा विश्व ही परेशानियों से जूझ रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोरोना काल है। मृत्यु का तांडव कोरोना काल में रहा। अब आप अपने आसपास के जीव- जंतुओं को ही मिटाना चाहते हैं। वैसे, शांति के प्रतीक कबूतरों से अगर वाकई मानव जीवन को खतरा है, तो इसका हल तलाशना भी वैज्ञानिकों के लिए जरूरी है।

दिल्ली के चिकित्सकों ने भी कबूतरों के आवासों को मिटाने के लिए एमसीडी की योजना को सही माना है, और कबूतरों के पोषण के स्थानों को मिटाने का बिल लाया जा रहा है, लेकिन कबूतरों को संरक्षण देने में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9/51 काम कर सकती है। दिल्ली के प्रशासकों और वैज्ञानिकों को ऐसे अनुसंधान की ओर बढना चाहिए जिसमें फंगस, साल्मोनेला ई. कोली-जो कबूतरों को हमसे दूर करता जा रहा है-को मारने के लिए दवा का ईजाद किया जाना निहायत जरूरी है, ताकि हमारा एक प्रिय पक्षी हमसे दूर न होने पाए।

(ये लेखक के विचार हैं)

श्रीकंचनपथ

भिलाई-दुर्ग

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-

- TDS रिफंड
- GST रजिस्ट्रेशन
- इनकम TAX फाइल
- प्रोजेक्ट रिपोर्ट
- MSME रजिस्ट्रेशन
- GST रिटर्न फाइल
- CMA DATE
- फूड लाइसेंस
- BALANCE SHEET

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544

D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

खास खबर

कलेक्टर चौधरी ने संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

दुर्ग। भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर में स्थित संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने माल्यापर्ण किया। उक्त अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनान्तर्गत कलेक्टर द्वारा मुकेश चौधरी, रानी साहू, अमित सारथी, भिलाई निवासी आशमा परवीन एवं धनजय कुमार को बैटरी चलित ट्रायसायकल एवं यामन कुमार साहू, बीरन बाई, फिरंता साहू, जतिन्दर सिंह को श्रवण यंत्र तथा अमरनाथ साहू को व्हील चेयर, भरत चंदेल को हस्तचलित ट्रायसायकल प्रदाय किया गया। साथ ही योग प्रशिक्षक हेतु प्रजापति ब्रम्हकुमारी संस्था, आर्ट ऑफ लिविंग, अखिल भारतीय गायत्री परिवार एवं पंताजलि समिति के प्रतिनिधियों को योगा दिवस कार्यक्रम में विशेष सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, एस.डी.एम. दुर्ग हरवंश सिंह मिरी समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित सिंह परिहार व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहें।

ग्राम पंचायत थनौद स्थित अमृत सरोवर स्थल पर मनाया गया संविधान दिवस

दुर्ग। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत थनौद में अमृत सरोवर स्थल पर संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को संविधान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों को संविधान की जानकारी प्राप्त कर अपने अधिकार एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये कहा गया। विधायक श्री चंद्राकर द्वारा भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सभी उपस्थित प्रतिभागियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। सीईओ बजरंग कुमार दुबे द्वारा भारतीय संविधान उद्देशिका का वाचन कराने के अलावा भारतीय संविधान के आदर्शों तथा देश के नागरिकों का संविधान के प्रति प्रतिबद्धता के संबंध में जानकारी दी। संविधान दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित कर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद पंचायत झमित गायकवाड सहित स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सत्तर प्लस आयु वालों का आयुष्मान कार्ड बनाने चलायें डोर-टू-डोर अभियानः कलेक्टर चौधरी

- घुमंतु पशुओं के लिए प्रायवेट गौशाला संचालन करने वालों का नाम प्रस्तावित करें
- उर्पाजन केन्द्रों से धान उठाव समय पर सुनिश्चित किया जाए
- पी.डी.एस.चावल की रिसायकलिंग रोकने दल मुस्तैदी से कार्य करे
- पंचायत राशि गबन की वसूली हेतु कार्यवाही करें अधिकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। साथ ही विभागीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में सत्तर प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विकासखण्ड वार एवं नगरीय निकायवार अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अवगत कराया कि जिले में 2.5 लाख आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, जिसमें 87 हजार सत्तर प्लस आयु वर्ग के लोग शामिल है।

उन्होंने अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सत्तर प्लस आयु वर्ग के लोग शिविर में उपस्थित नहीं हो सकेंगे, ऐसे लोगों का आयुष्मान कार्ड डोर-टू-डोर अभियान चलाकर बनाया जाए। उन्होंने अभियान के दौरान मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड से हटाने एवं पेंशन आदि से भी विलोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत नॉन डीबीटी हितग्राहियों की जांच करने और आधार अपडेशन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ कराने और स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्मित कार्यों का टीम बनाकर जांच कराने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने नगर निगमों और जनपदों में घुमंतु पशुओं को रखने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र में प्राइवेट गौशाला संचालन करने वालों के नाम का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर चौधरी ने धान खरीदी की समीक्षा के दौरान उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान एवं बफर लिमिट को ध्यान में रखते हुए धान का उठाव भी समय पर सुनिश्चित कराने डीएमओ एवं संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने राशन कार्ड के रिनिवल नहीं होने की स्थिति में संबंधित राशन दुकान के माध्यम से केवायसी कराने खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। इसी प्रकार पीडीएस चावल की रिसायकलिंग रोकने जांच दल द्वारा सक्रियता पूर्वक कार्य सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले के ऐसे स्कूल जहां अभी तक नेवता भोज का आयोजन नहीं किया गया है, संबंधित जनपद सीईओ बीईओ से जानकारी प्राप्त कर स्कूली बच्चों के लिए यह आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पंचायत राशि गबन की जानकारी ली। साथ ही संबंधित एसडीएम को वसूली हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी जनपद सीईओ को स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री अन्य पत्र के प्रकरण, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएम के वेब एवं पोस्ट से प्राप्त आवेदन सार्थ-ई एवं पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही पुलिस विभाग, नगर निगम दुर्ग-भिलाई, के अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। बैठक में सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अवगत कराया गया कि शासकीय प्राप्तियों को ई-चालान के माध्यम से जमा करने की सुविधा प्रारंभ की गयी है। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसी भी प्रकार की शासकीय प्राप्तियों को ऑनलाईन इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।

जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी शासकीय प्राप्तियों के लिए ई-चालान पोर्टल का अनिवार्य रूप से उपयोग करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार 15 वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों के स्क्रेपिंग प्रकिया शासन द्वारा प्रक्रियाधीन है।

संबंधित अधिकारी वाहन के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायें। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह एवं एचएस मिरी, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

व्यापारियों ने जाने आयकर नियम, चेम्बर ऑफिस में हुई कार्यशाला

आयकर नियमों में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम व एडवांस टैक्स की मिली जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। चेम्बर भवन में आयकर कार्यशाला संपन्न कार्यशाला में आयकर नियमों में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम 2024 एवं एडवांस टैक्स (अग्रिम कर) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी व महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि सोमवार को चेम्बर कार्यालय में आयकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयकर नियमों में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम 2024 एवं एडवांस टैक्स(अग्रिम कर) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि- मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण, विशिष्ट अतिथि- प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप एस हेड़ाऊ, संयुक्त आयकर आयुक्त बीरेन्द्र कमार एवं आयकर अधिकारी जितेन्द्र कुमार, राहुल पटेल एवं अमरेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने आयकर कार्यशाला में उपस्थित आयकर विभाग के मुख्य आयकर आयुक्त, प्रधान आयकर आयुक्त, संयुक्त आयकर आयुक्त एवं आयकर अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

राजस्व बढ़ाने में व्यापारियों की भूमिका महत्वपूर्णः मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने कहा कि आप सभी व्यापारीगण बहुत ही जागरूक हैं एवं शासन के राजस्व को बढ़ाने में आपकी बहुत बड़ी भूमिका है। आप छत्तीसगढ़ को देश का नंबर-1 राज्य के रूप में देखना चाहते हैं तो आयकर का भुगतान पूरी ईमानदारी से करें जिससे कि प्रदेश एवं देश का विकास हो। यदि आयकर संबंधी आपकी कोई भी समस्या हो या सुझाव हो तो हमारे कार्यालय में लिखित में देकर शंका समाधान कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में 7500 अपील लंबित

प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप हेड़ाऊ ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 7500 अपीलें लंबित हैं। पिछली स्कीम 2020 में इस स्कीम को अच्छा प्रतिसाद मिला था। आप सभी इस स्कीम का लाभ उठायें। संयुक्त आयकर आयुक्त श्री बीरेन्द्र कुमार जी ने विवाद एवं विश्वास 2024 स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिन करदाताओं की अपील 22 जुलाई 2024 से लंबित हैं वे इस स्कीम का फायदा ले सकते हैं, इस स्कीम में ब्याज एवं पेनाल्टी पूर्ण रूप से माफ है। इसमें सर्च से संबंधित अपील शामिल नहीं किये गये हैं। इसे 31 दिसम्बर 2024 तक फार्म-1 फाइल कर आनलाइन जमा किया जा सकता है। यह फार्म प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

आयकर के नियमों में परिवर्तन की दी जानकारी

अमरेश कुमार जी आयकर अधिकारी ने आयकर के नियमों में परिवर्तन के बारे में विस्तृत देते हुए कर की दरों में जो परिवर्तन की जानकारी दी एवं बताया कि टीडीएस की दरों में कमी की गई है जैसे कि कमीशन में 5 प्रतिशत टीडीएस को अब 1 अक्टूबर 2024 से 2 प्रतिशत किया गया है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन चेम्बर प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन ने किया। इस अवसर पर शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा ,रोहित सिंह,मनोहर कृष्णानी,विनय सिंह,दिलीप इसरानी व पदाधिकारीगण, एवं विभिन्न एसोसियेशनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

14545 पर फोन करके ले सकते है शासकीय योजनाओं का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मोर संगवारी सेवा योजना नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में दिये जाने हेतु मोर संगवारी सेवा का शुभारंभ दिनांक 01 मई 2022 से किया गया है। यह योजना छ.ग. के सभी 14 नगर निगमों मे चल रही है। इसके लिए शासन ने टोल फ्री न. 14545 जारी किया है, जिस पर फोन करके संगवारी एजेंट के माध्यम से नागरिक कई प्रकार के सुविधाओं का लाभ ले सकते है। नगर निगम भिलाई द्वारा अभी तक 30533 आवेदन बनाकर नागरिकों को लाभ पहुंचाया गया है।

मोर संगवारी योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र के कुल-2219 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल-394 आवेदन, जन्म प्रमाण के कुल-732 आवेदन, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस के कुल-331 आवेदन, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन कुल-10031 आवेदन, पैन कार्ड सेवा के कुल-253 आवेदन, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल-11074 आवेदन, मूल निवास प्रमाण पत्र के कुल-1311 आवेदन, अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल-56 आवेदन, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल-266 आवदेन, आय प्रमाण पत्र के कुल-2839 आवेदन, एपीएल राशन कार्ड के कुल-231 आवेदन, विवाह सुधार के कुल-93 आवेदन बनाकर दिये जा चुके है। प्रदेश में नागरिकों को सर्टिफिकेट डिलीवरी करने में नगर पालिक निगम भिलाई का तृतीय स्थान है।

शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना से न सिर्फनागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मिला है बल्कि लोगों के समय और पैसे की भी बचत हो रही है, साथ ही साथ सरकारी काम में भी तेजी आयी है।

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शासन की इस जनउपयोगी योजना का लाभ उठाएं। इस योजना का उददेश्य है नागरिको को शासकीय कार्यालयों बार-बार जाना न पड़े, घर बैठे-बैठे काम हो जावे।

बीएसपी बिरादरी ने राष्ट्रीय संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस (राष्ट्रीय संविधान दिवस) मनाया गया। देश में आज 75 वां संविधान दिवस मनाया गया, इसी क्रम में बीएसपी बिरादरी ने भी 26 नवंबर 2024 को इस्पात भवन में संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर इस्पात बिरादरी के प्रमुख के रूप में निदेशक प्रभारी (सेल-बीएसपी) अनिर्बान दासगुप्ता ने संविधान के प्रति शपथ दिलाई।

इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) बी के गिरी, कार्यपालक निदेशक (एम एंड एचएस) डॉ. एम रवींद्रनाथ, कार्यपालक निदेशक (प्रचालन) राकेश कुमार और मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) अरुण कुमार सहित मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, बीएसपी-ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्य, यूनियन प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कार्मिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई और अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी को भारतीय संविधान के प्रति शपथ दिलाई कि वे एक ऐसे भारत का निर्माण करने के लिए मिलकर काम करेंगे जो वास्तव में हमारे संविधान में निहित आदर्शों को प्रतिबिंबित करता हो। बीएसपी बिरादरी के सदस्यों ने भारतीय संविधान का पालन करने और अपनी पूरी क्षमता से देश की सेवा करने का दृढ़ संकल्प लिया।

यह उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय संविधान दिवस जिसे 'संविधान दिवस' के रूप में भी जाना जाता है, हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को, भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ और देश के लोकतांत्रिक ढांचे की नींव रखी गई।

Since 1972

CROWN® - TV

Choice Of Millions

LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Maa Durga Electronics 9827183839

Rohit Electronics 94242-02866

Premier sales: 8959493000

A Leela Electronics: 9425507772

Reena Electronics: 9329132299

Shree Electronics: 7000827361

Authorised Distributers For Chhattisgarh

Trade Enquiry: 98262-52372

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग हुआ शुभारम्भ

हैंडबॉल प्रतियोगिता में 30 राज्य से 796 खिलाड़ी लें रहे हैं भाग, कल होगा समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर-महासमुंद। जिले में 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारम्भ सोमवार सुबह 11 बजे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मशाल जलाकर एवं ध्वजारोहरण के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगे जर्सी में 30 राज्य के खिलाड़ियों ने कोच सहित मार्च पास्ट किया। विधायक सिन्हा ने शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने शपथ दिलाई। यहां शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं प्रतियोगिता से सम्बंधित अधिकारी एवं खेल प्रेमी जनता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कार्यक्रम का समापन 29 नवंबर 2024 को मिनी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ झारखण्ड और नवोदय विद्यालय संगठन के मध्य हुआ। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और परिचय लेते हुए हौसला अफज़ाई की। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल एशोसियन संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित होकर अत्यंत गर्व और खुशी महसूस कर रहा हूँ। यह प्रतियोगिता न केवल हमारी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन है, बल्कि यह हमारे मानसिक और नैतिक विकास का भी प्रतीक है। खेल जीवन में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने में सहायक होते हैं, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मददगार होते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेना, चाहे परिणाम जो भी हो, सबसे महत्वपूर्ण होता है। खेलों में हार-जीत से बढ़कर हमारे अंदर की क्षमता, मेहनत और आत्मविश्वास मायने रखता है। जो खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं, वे पहले से ही विजेता होते हैं, क्योंकि उन्होंने अपने डर और कमजोरियों पर विजय प्राप्त की होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अपने राज्य को गौरवान्वित करेंगे।

विधायक सिन्हा ने कहा कि आज के खिलाड़ी ही भविष्य के सफल इंसान बनेंगे। आज आप मैदान पर है कल किसी और बड़े स्थान में आपकी जगह होगी। यहां से खेलकर आप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदेश सहित देश का नाम रोशन करें। अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करें। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने सह-खिलाड़ियों के साथ मिलकर एक सच्चे खिलाड़ी की तरह खेलें। उन्हांने सभी खिलाड़ियों और प्रतियोगिता से जुड़े से सभी अधिकारी-कर्मचारी, कोच को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

जिला हैंडबॉल एशोसियन संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त बोनस अंक दिए जाते हैं। खेल का जीवन में महत्व को नकारा नहीं जा सकता। खेल के माध्यम से भी आप नए ऊंचाईयों को प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में आए सभी खिलाड़ियों की हौसला आफज़ाई करते हुए उन्होंने कहा कि जितने वाले खिलाड़ी को बधाई परंतु जो जीत नहीं पाए उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है पुनः बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतरे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 5 दिवसीय राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों का ठहरने और भोजन की समुचित प्रबंध किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजन की सभी तैयारी पूरी की गई है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोहन राव सावंत ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, यातायात व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ज्यूरी मेंबर प्रतिदिन सायंकाल आयोजन की समीक्षा करेगी। विदित है कि प्रतियोगिता में 30 राज्यों से कुल 796 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में हैण्डबॉल खेल शामिल किए गए है। जिसमें 14 वर्ष के 404 बालक एवं 392 बालिका भाग लेंगे। साथ ही 30 राज्यों से 127 कोच व मैनेजर तथा जिले के 125 अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे। प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, पार्षदगण महेन्द्र जैन, श्रीमती मीना वर्मा, महेन्द्र सिक्का, मनीष शर्मा, श्रीमती कौशिल्या बंसल, प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, मुन्ना साहू, अरविन्द प्रहरे, बंटी शर्मा, दिनेश रूपरेला, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी जन मौजूद थे।

खास खबर...

आयुक्त अबिनाश मिश्रा कोवर्किंग सेंटर पहुंचे, 150 युवाओं को बैठक व्यवस्था देने दिए निर्देश

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा पुराना बस स्टेण्ड मल्टी लेवल पार्किंग में तृतीय तल पर आरम्भ कोवर्किंग सेंटर पहुंचे एवं वहाँ स्टार्टअप्स ले रहे युवाओं को उपलब्ध करवाई जा रही बैठक व्यवस्था का नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, आरम्भ कोवर्किंग सेंटर का प्रबंधन देख रहे प्रतिनिधि की उपस्थिति में प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

आयुक्त ने वर्तमान में आरम्भ कोवर्किंग सेंटर में 100 युवाओं की बैठक व्यवस्था को अपग्रेड कर वहाँ 150 युवाओं को बैठक व्यवस्था देने का शीघ्र प्रबंध करने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि उद्यमिता के क्षेत्र में स्टार्टअप्स ले रहे युवाओं की संख्या राजधानी शहर रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ रही है। ऐसी व्यवस्था दी जाये कि इसका प्रत्यक्ष लाभ अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को मिल सके एवं स्टार्टअप्स के माध्यम से उद्यमिता के क्षेत्र में युवा अपना एवं अपने शहर, गांव का नाम रौशन कर सकें।

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की समाज हितकारी मंशा के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर जिला प्रशासन के दिशा - निर्देश के अनुरूप रायपुर नगर पालिक निगम की पहल पर उद्यमिता के क्षेत्र में रोजगारयुक्त हो रहे युवाओं को बड़ी एवं मल्टी नेशनल कम्पनियों में प्लेसमेंट दिलवाने मल्टी लेवल पार्किंग पुराना बस स्टेण्ड में स्थान उपलब्ध करवाया जा रहा है एवं बड़ी संख्या में युवा उद्यमी अच्छे वातावरण में स्थान पाकर लाभान्वित हो रहे हैं।

सीईओ, रायपुर स्मार्ट सिटी ने प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स का किया निरीक्षण, वर्क एजेंसियों को समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने कहा

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में

स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीईओ) उज्ज्वल पोरवाल ने स्मार्ट सिटी के प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स शास्त्री मार्केट पुनर्विकास, मटन मार्केट पुनर्विकास प्रोजेक्ट, महाराजबंध एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट), नरेय्या तालाब एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) आदि प्रोजेक्ट साइट्स का निरीक्षण इंजीनियरिंग टीम के साथ किया।

इंजीनियरिंग टीम एवं सभी वर्क एजेंसियों को कार्यों को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने कहा, अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित ठेकेदारों का अनुबंध पेनल्टी के साथ निरस्त कर उन्हें काली सूची में डालने की कार्यवाही की जाएगी. निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्जवल पोरवाल के साथ महाप्रबंधक (तकनीकी) पंकज कुमार पंचायती सहित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सम्बंधित प्रोजेक्ट इंजीनियर्स, पीएमसी टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड के सदस्य उपस्थित थे।

तीन दिवसीय जॉब फेयर शुरू

रायपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 27, 28 एवं 29 नवम्बर तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशंस (बीपीओ) रायपुर द्वारा 12वी उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती की भर्ती सी.एस.ए. के 500 पदों पर रू. 11,750 / से 19000/- प्रतिमाह वेतनमान एवं स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज, नया रायपुर में 12वी एंव उच्च शिक्षा उत्तीर्ण आवेदकों, की भर्ती सी. एस.ए. के 450 पदों पर 10500 से 15000 प्रतिमाह वेतन पर भर्ती होगी। इस जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा /आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के रायपुर शाखा के लिए सर्वसम्मति से चुने गए 15 सदस्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला शाखा रायपुर की सामान्य सभा आयोजित की गई। इसमें सर्वप्रथम सामान्य सभा की बैठक में कलेक्टर ने रेडक्रॉस के उद्देश्य, कार्य एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव की प्रक्रिया को बताते हुए पूर्व में प्रकाशित दावा आपत्ति के बाद आजीवन एवं संरक्षक सदस्यों की अंतिम सूची प्रबंध समिति सदस्यता के लिए नामांकन फॉर्म भरा गया। 15 आवेदकों ने फॉर्म भरा और सभी को सर्वसम्मति से सदस्य का चयन किय गया। रायपुर शाखा के लिए राजू शर्मा, डॉ. प्रीति नारायण, डॉ. नवीन बगरेचा, डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय, डॉ. राजेंद्र कुमार कश्यप, संतोष कुमार शर्मा, मानसिंह साहू, अश्वनी कुमार पांडे, दयानंद देवांगन, डॉ. अविनाश चतुर्वेदी, गजेंद्र डोंगरे, डॉ. श्वेता सोनवानी, बी.एल. ध्रुव, जशवरी सिंह बघेल एवं डॉ. पकंज किशोर को सर्वसम्मति से सदस्य चुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी, जिला रेडक्रॉस के संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर प्रारंभ

रायपुर। नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 के वार्डों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे। 27 नवंबर को डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में चंगोराभाठा के सांस्कृतिक भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 28, 29 नवंबर और 2 दिसंबर को ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में पार्षद कार्यालय, डंगनिया पानी टंकी, बाजार चौक और पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 41 में 3, 4, 5 दिसंबर को पार्षद कार्यालय सेक्टर 01 डी. डी. नगर, पं सुंदर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 में 6, 9 10 दिसंबर को सामुदायिक भवन अश्वनी नगर, सुंदर नगर, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में 11,12,13 दिसंबर को यादव समाज भवन गोवर्धन चौक, पुरानी बस्ती, 16,17 और 19 नवंबर को वामनराव लाखे वार्ड में डे-केयर कुशालपुर एवं 20,23 और 24 दिसंबर को भक्त माता कर्मा वार्ड में वार्ड कार्यालय शितला तालाब श्रीराम नगर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

लोधेश्वर भगवान मंदिर का हुआ भूमिपूजन

विवाह योग्य युवक- युवती ने दिया परिचय, स्मारिका का हुआ विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोधी क्षत्रीय समाज द्वारा राजधानी रायपुर के लोधेश्वरधाम में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रांतों से सामाजिकजन शामिल हुए। मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिता लोधी ने कहा कि समाज को ऐसा मंच मिलने से जहां समाज की एकजुटता दिखती हैं वहीं विचारों का खुलकर आदान प्रदान होता है। परिचय सम्मेलन जैसे आयोजन से पुरानी कुरीतियां भी दूर होती है। इस मौके पर विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन,स्मारिका का विमोचन,लोधेश्वर भगवान मंदिर का भूमिपूजन, प्रतिभाशाली बच्चों व बुजुर्गों का स्मान व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। लोधी समाज की बेटी कलियुग की मीराबाई के नाम से प्रसिद्ध लोधी शिवांगी दीदी ने उपस्थितजनों को भक्ति सत्संग कराया।

लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा के सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि यह उनके समाज का सालाना कार्यक्रम हैं जिसमें समाज के लोगों को एक बड़ा मंच मिलता हैं। खासकर विवाह योग्य युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन के माध्यम से कई रिश्ते अब तक बन चुके हैं। इस साल भी बड़ीं संख्या में युवत युवतियों का परिचय हुआ। समाज के गौरव लांजी के युवा विधायक राजकुमार कुर्राहे व खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर,उत्तम जंघेल,संयोजक लोधेश्वरधाम के आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अन्य विशिष्टजन भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बुलंदशहर अनिता लोधी ने कहा कि महिलाओं को समाज मे आगे आकर कार्य करने की आवश्यकता है। बच्चों को अच्छी परवरिश देना व शिक्षा के प्रति जोड़कर आगे लाने की जरूरत है। इसकी पहली सीढ़ी तो मां ही होती है। लोधेशवरधाम में प्रथम बार आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। खारुन नदी के तट पर हरियाली से आच्छादित यह बहुत ही मनोरम स्थल है। इस स्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। लांझी के विधायक राजकुमार कर्राहे ने भी कहा कि समाज को एकता के सूत्र मे बांधने की आवश्यकता है। खैरागढ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि समाज मे कुछ पुरानी कुरीतियां हैं उससे हटकर कार्य करना जरूरी है। ऐसे आयोजन उसमें महती भूमिका निभा सकते हैं।

इससे पूर्व लोधी समाज रायपुर के अध्यक्ष सुरेश सुलाखे ने मंत्रोचार के बीच विधि विधान से लोधेश्वरधाम मंदिर के लिए अतिथियों की मौजूदगी में भूमिपूजन कराया। वार्षिकय क्रियाकलापों को लेकर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया गया हैं। जिसमें समाज के लिए काफी अच्छी जानकारी व विवाह योग्य युवक युवतियों का बायोडाटा भी संकलित है। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों व बुजुर्गों का सम्मान समारोह भी रखा गया था। सांस्कृतिक संध्या में देर शाम तक लोग शामिल रहे,इस बीच ख्यातिप्राप्त लोधी शिवांगी दीदी ने उपस्थितजनों को भक्ति सत्संग कराया और समाज के लोगों से आग्रह किया कि व्यस्त जीवन के बीच कुछ क्षण रोज अपने लड्डूगोपाल के लिए निकाले देखे जीवन में कैसे आनंद आ जायेगा। पूरे आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले संयोजक लोधी उत्तम वर्मा, अध्यक्ष सुरेश कुमार सुलाखे, सचिव प्रहलाद दमाहे, कोषाध्यक्ष राजेश नागपुरे, उपाध्यक्ष लोधी ज्ञानीराम मच्छिरके, संरक्षक लोधी सुमेरसिंह ठाकुर, लोधी जे एल कचलरिया, लोधी यशवंत लिल्हारे, लोधी एच डी ढेकवारे, लोधी एन के दशहरे व महिला समूह के सदस्य मौजूद रहे।

निगम एमआईसी में 17 एजेण्डों पर चर्चा कर दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

निराश्रित पेंशनः185 परिवार सहायता के लिए 18 नये आवेदन स्वीकृत

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर की एमआईसी की बैठक महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता एवं आयुक्त अबिनाश मिश्रा , एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, अंजनी राधेश्याम विभार, सतनाम सिंह पनाग, रितेश त्रिपाठी, समीर अख्तर, सहदेव व्यवहार, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, आकाश तिवारी, द्रौपती हेमंत पटेल सहित निगम सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, कृष्णा खटीक, पंकज शर्मा, सभी जोन कमिश्नरों, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में हुई जिसमें 17 एजेण्डों पर नियमानुसार चर्चा कर एजेण्डावार आवश्यक निर्देश एमआईसी की बैठक में दिये गये। एमआईसी ने निराश्रित पेंशन योजना के 185 पात्र एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 18 पात्र नये आवेदनों को स्वीकृति दी।

संस्कृति विभाग द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा में पीएस सिटी कालोनी के पहुंच मार्ग के आस पास की नगर निगम सीमा की निजी बसाहट क्षेत्र का नामकरण सैनिक नगर के नाम पर करके प्रवेष द्वार गेट लगाने समस्त भूतपूर्व सैनिक के पत्र अनुसार जोन 5 के प्रतिवेदन पष्चात एमआईसी ने बैठक में अनुशंसा कर विचारार्थ निगम सामान्य सभा की आगामी बैठक में रखने के निर्देश दिये। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 8 नवंबर 2024 के परिपालन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मुरलीधर राठौर के नाम से कैलाशपुरी ढाल हनुमान मंदिर से शीतला मंदिर से होते हुए नीलकंठेश्वर मंदिर तक के मार्ग का नामकरण किये जाने की अनुशंसा कर विचारार्थ निगम सामान्य सभा की आगामी बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। मोटर कर्मशाला के प्रस्ताव अनुसार प्लेसमेंट के माध्यम से 87 वाहन चालक 2 मैकेनिक, 1 वेल्डर, 2 कम्प्यूटर आपरेटर उपलब्ध कराने उच्च श्रेणी शिक्षिका सरस्वती नगर निगम कन्या उ.मा. शाला नया पारा साधना साहू को संविदा नियुक्ति देने सेवानिवृत्त व्याख्याता सप्रे शाला धर्मेन्द्र कुमार जैन को शिक्षा सत्र के अंत तक पुनर्नियुक्ति देने आवश्यक निर्देशनियमानुसार एमआईसी में दिये गये ।

15 वें वित्त आयोग के जल घटक अंतर्गत बंधवा तालाब सौंदर्यीकरण एवं पहाडी तालाब सौंदर्यीकरण के कार्यो की एमआईसी द्वारा नियमानुसार पुष्टि की गई। तेलीबांधा तालाब हेतु निर्मित 1.5 एमएलडी एसटीपी का निर्माण उपरांत अपग्रेडेषन 2 एमएलडी एसटीपी किये जाने 10 वर्ष तक रखरखाव संचालन संधारण हेतु प्राप्त निविदा दर को विचारोपरांत स्वीकृति दी गई। कार्य हेतु 2 करोड 65 लाख 42 हजार का व्यय प्रस्तावित है। 15 वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2020-21 की शेष राषि से जोन 1 एवं 2 के विभिन्न मार्गो में बीटी टॉपिंग एवं पेंच रिपेयर, वर्ष 21-22 की शेष राशि से जोन 3, 4, 5 में विभिन्न मार्गो में बीटी टॉपिंग एवं पेंच रिपेयर वर्क, वर्ष 22-23 की शेष राशि से जोन 6, 7, 8, 9, 10 के विभिन्न मार्गो में बीटी टॉपिंग एवं पेंच रिपेयर वर्क करने क्रमषः 1 करोड 62 लाख 46 हजार, 2 करोड 43 लाख 69 हजार, 4 करोड 86 लाख 18 हजार की एमआईसी की प्रत्याशा में दी गई स्वीकृति की पुष्टि एमआईसी द्वारा नियमानुसार की गई। अधोसंरचना मद में ले. अरविंद दीक्षित वार्ड के तहत पोषु होटल व शेट्टी के घर से बडे नाला तक नाली निर्माण कार्य के स्थल परिवर्तन कर बजाज कालोनी दुर्गा मंदिर के आस पास के क्षेत्र में नाली निर्माण कराये जाने से संबंधित प्रस्ताव एवं जोन 10 के तहत फुग्डहर अटल पथ में अटल परिसर स्थापित करने के कार्य में स्थल परिवर्तन कर उक्त कार्य जोन 6 के अंतर्गत आईएसबीटी उद्यान परिसर में अटल परिसर स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव को एमआईसी द्वारा स्वीकृति दी गई।

हज 2025 के लिए राज्य की समस्त हज प्रतिक्षा सूची कंफर्म की जाए-असलम

रायपुर। हज 2025 की तैयारी के लिए पिछले दिनों नई दिल्ली में सभी राज्य हज कमेटी के चेयरमैन की कॉन्फ्रेंस किरेन रिजिजू, मंत्री, भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता एवं जॉर्ज कुरियन, राज्यमंत्री भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान एवं कार्यपालन अधिकारी सचिव डॉ. एस. ए. फारूकी ने भाग लिया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने हज 2025 हेतु राज्य की समस्त प्रतिक्षा सूची को कंफर्म किये जाने की प्रमुखता से मांग की, जिस पर मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने प्रदेश के हज यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रायपुर से हज की उड़ान प्रारंभ करने, हज यात्रा को और अधिक सरल एवं सुगम बनाए जाने हेतु अपने सुझाव दिए। बैठक में हज कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन एवं सभी सदस्यगण, सभी राज्य हज कमेटी के चेयरमैन, कार्यपालन अधिकारी सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं हज यात्रा से संबद्ध सभी विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गेमचेंजर से राम चरण-कियारा आडवाणी का रोमांटिक सॉन्ग पोस्टर हुआ आउट

कल रिलीज होगा तीसरा गाना

राम चरण और कियारा आडवाणी जल्द ही गेम चेंजर में नजर आएंगे। टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है जिसने पहले ही फिल्म के लिए एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। अब मेकर्स ने आज फिल्म के अपकमिंग तीसरे गाने का नया पोस्टर शेयर किया है। वहीं इस रोमांटिक गाने की रिलीज डेट भी बता दी है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगा ट्रैक।

शंकर शनमुघम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर राम चरण और कियारा का नया रोमांटिक पोस्टर शेयर किया। मैचिंग लैवेंडर कलर के आउटफिट में दोनों काफी खूबसूरत और रोमांटिक लग रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मैलोडी को तुम्हे अपने साथ ले जाने दो, गेम चेंजर का तीसरा सिंगल 28 नवंबर को। इसकी अनाउंसमेंट होते ही फैंस ने कमेंट सेक्शन में प्यार बरसाना शुरु कर दिया। एक ने लिखा, फिल्म गेम चेंजर की पूरी टीम को बधाई, गाने का पोस्टर शानदार है गाना भी जबरदस्त होगा। एक ने लिखा- वाह क्या जोड़ी है। एक ने कमेंट किया- पोस्टर इतना रोमांटिक है तो गाना कितना रोमांटिक होगा।

गेम चेंजर के साथ निर्देशक एस शंकर कमबैक करने जा रहे हैं। जो पॉलीटिकल थ्रिलर बनाने के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में, राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाते हैं, जो एक भ्रष्ट व्यवस्था से मुकाबला करता है और अपनी भूमिका में दिमाग और साहस दोनों लाता है। एक मिनट से अधिक के टीजर में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले एक स्टूडेंट से शक्तिशाली दुश्मनों से निडर होकर एक सरकारी अधिकारी बनने के उनके ट्रांजिशन को दर्शाया गया है। कियारा आडवाणी की झलक भी टीजर में दिखाई देती है यह पहली बार है जब कियारा और राम चरण स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। इसके लिए भी फैंस काफी एक्साइटेड हैं। राम चरण और कियारा की गेम चेंजर 10 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

आंखों को नुकसान पहुंचाती है विटामिन बी-3 की हाई डोज

आंखें हमारे शरीर का सबसे नाजुक हिस्सा है, जिसकी प्रॉपर केयर बहुत ज्यादा जरूरी होती है। नहीं तो इससे आंखों में मोतियाबिंद, रतौंधी, आईसाइट कम होना जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए विटामिन से भरपूर चीजें खाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि विटामिन ए आंखों के लिए बहुत ज्यादा जरूरी होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कुछ ऐसे विटामिन भी है, जो आंखों के लिए नुकसानदायक होते है और अगर इसकी मात्रा ज्यादा हो जाए तो यह सीधे आंखों को प्रभावित करते हैं। तो चलिए आज आपको बताते हैं कि कौन से विटामिन की अधिकता आंखों पर बुरा प्रभाव डालती है।

इस विटामिन की अधिकता कर सकती है आंखों को डैमेज

नियासिन या विटामिन बी-3 का उपयोग आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हाइपरलिपिडिमिया के इलाज के लिए किया जाता है। लेकिन हाल ही में हुई एक रिसर्च के अनुसार इस विटामिन की ज्यादा खुराक आपकी आंखों को प्रभावित कर सकती है। दरअसल, नियासिन की हाई डोज के कारण मैक्युला में लिक्विड पदार्थ जमा हो जाता है, जिससे धुंधली दृष्टि और अन्य लक्षण पैदा हो जाते हैं। इसलिए डॉक्टर का मानना है कि कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए 1 दिन में 3 से 6 ग्राम से ज्यादा नियासिन नहीं लेना चाहिए।

आंखों की रोशनी के लिए करें इस विटामिन का सेवन

अगर आप अपने आंखों की रोशनी को बढ़ाना चाहते हैं, नंबर का चश्मा लगाने से बचना चाहते हैं या मोतियाबिंद और रतौंधी की समस्या को कम करना चाहते हैं, तो विटामिन ए से भरपूर चीजों का सेवन आपको करना चाहिए।

यह विटामिन आपको गाजर, पालक, शकरकंद जैसी चीजों में भरपूर मात्रा में मिलेगा। हालांकि, विटामिन ए की ज्यादा खुराक लेने से भी आंखों और अन्य अंगों को नुकसान पहुंच सकता है।

दरअसल, अगर आप विटामिन ए की खुराक जरूरत से ज्यादा ले रहे हैं, तो यह टॉक्सिसिटी का कारण बन सकता है, इसलिए अपने डॉक्टर की सलाह पर ही विटामिन ए का सेवन किया जाना चाहिए।

इंटरनेट पर छाया एक्ट्रेस पलक तिवारी का हॉट बॉसी लुक

किलर अंदाज से सोशल मीडिया पर बरपाया कहर

पलक तिवारी हमेशा अपनी हॉट अदाओं से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका बोल्डनेस भरा अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना ली है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना हुस्न देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं पलक तिवारी ने व्हाइट कलर का कोर्ड-सेट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।

हाई हील्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। पलक तिवारी की इन फोटोज को अपलोड हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख 48 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने तस्वीरों पर लाइक कर दिया है।

आपके पेट का बैंड बजा सकती है खाने की एक गलत आदत, भूलकर भी न करें ऐसी गलती

बिजी लाइफस्टाइल और भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास ठीक से खाने का भी वक्त नहीं है। यही कारण है कि ज्यादातर जल्दी-जल्दी खाना खाकर उठ जाते हैं। जिसका असर खतरनाक हो सकता है। इसकी वजह से शरीर को कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

दरअसल, खाना चबाकर खाने से वह छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाता है और पेट-आंत में जाकर आसानी से पचता है। इससे लार में मौजूद एंजाइम खाने में मौजूद कार्बोहाइड्रेट को तोड़ने लगते हैं। अगर आप भी किसी वजह से खाना ठीक तरह से चबाकर नहीं खा रहे हैं तो सावधान हो जाइए और यहां जानिए इसके साइड इफेक्ट्स।

खाने को ठीक से न चबाने के कारण

- जल्दबाजी में खाना खाना
- टीवी या मोबाइल देखते समय खाना खाना
- खाने की जल्दी में होने से
- खाने को ठीक से न चबाने के नुकसान

पाचन की समस्याएं

खाने को ठीक से न चबाने से पाचन समस्याएं हो सकती हैं।

इससे खाना सही तरह नहीं पचता है और कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। इसकी वजह से गैस और अपच जैसी समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं।

वजन बढ़ना

खाने को ठीक से न चबाने से वजन तेजी से बढ़ सकता है। दरअसल जल्दी खाने से दिमाग भूख और पेट भरने के संकेत को सही तर नहीं दे पाता है। शोध में पता चला है कि धीरे-धीरे खाने और सही तरह चबाने से पेट भरने का एहसास कराने वाले हार्मोन एक्टिव होते हैं, जिससे भूख मिटलती है।

पोषक तत्वों की कमी

खाने को ठीक से न चबाने से पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। इसका असर ओवरऑल हेल्थ पर पड़ता है। इतना ही नहीं खाना सही तरह न चबाने से लार सही तरह नहीं बन पाता है और दांत-मसूड़ों में गंदगी बन रह सकती है।

सीने में जलन

अगर आप खाना सही तरह नहीं चबाते हैं तो गैस की समस्या बढ़ जाती है, जिसकी वजह से एसिड रिफ्लक्स हो सकता है और सीने में जलन हो सकता है। इसलिए हमेशा खाना चबाकर ही खाना चाहिए, ताकि शरीर कई तरह की परेशानियों से बच सके और खाना शरीर को फायदा पहुंचा सके।

खाने को ठीक से चबाने के लिए क्या करें

- धीरे-धीरे खाएं
- खाते समय टीवी या मोबाइल न देखें
- खाने को छोटे टुकड़ों में ही उठाएं
- पानी पीने से पहले खाना खाएं यानी खाते समय पानी न पिएं
- हर निवाले को कम से कम 25 से 40 बार चबाएं।



वरुण-कीर्ति की केमिस्ट्री के फैंस हुए दीवाने

होने दे नैन मटक्का.. बेबी जॉन का पहला गाना रिलीज

वरुण धवन स्टारर बेबी जॉन का पहला गाना नैन मटक्का रिलीज हो गया है। इसमें वरुण और कीर्ति सुरेश की फायर एनर्जी ने फैंस का दिल जीत लिया। नैन मटक्का को थमन एस ने कंपोज किया है और इसे दिलजीत दोसांझ और धीक्षिता वेंकदेशन ने गाया है। दिलजीत दोसांझ की आवाज ने गाने में चार चांद लगा दिए हैं। जो गर बार अपने चार्टबस्टर्स और पार्टी हिट्स से दर्शकों का दिल खुश कर देते हैं।

बेबी जॉन में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। दर्शक उनकी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री देखने के लिए बेताब थे और अब उन्हें फाइनली इसकी झलक मिल गई है क्योंकि फिल्म बेबी जॉन का पहला गाना रिलीज हो चुका है और वरुण-कीर्ति ने इसमें धमकेदार डांस किया है। दोनों की केमिस्ट्री ऑन फायर है। इसमें दिलजीत ने अपनी आवाज का तड़का लगाया है।

इससे पहले फिल्म के टीजर ने दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। बेबी जॉन के टीजर की शुरुआत एक बच्ची से होती है, जो कि वरुण धवन की है। बच्ची अपने पापा वरुण के बारे में बतलाती है और दूसरी तरफ वरुण को टीजर में एक्शन करते दिखाया गया है। वरुण धवन पूरे टीजर में एक्शन लुक में ही दिख रहे हैं और वहीं टीजर में फिल्म की हीरोइन कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की झलक भी देखने को मिली है। दूसरी तरफ फिल्म में जैकी श्रॉफ बतौर विलेन नजर आने वाले हैं और उनका लुक भी फिल्म के बेबी जॉन के देखने की एक्साइटमेंट बढ़ा रहा है।

बेबी जॉन की स्टोरी कलीश लिखी है और उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी किया है। यह फिल्म एटली की थेरी का ऑफिशियल हिंदी रीमेक है। साल 2016 में रिलीज हुई थेरी में थलापति विजय और सामंथा रुथ प्रभु ने अहम रोल प्ले किया था। वहीं, बेबी जॉन में वरुण धवन के साथ साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव नजर आने वाले हैं। बेबी जॉन 25 दिसंबर यानि क्रिसमस 2024 के मौके पर रिलीज होने जा रही है।

ना सिंगल ना रिलेशन में हैं मलाइका अरोड़ा खुलासा कर खुद बताया क्या है स्टेटस

फिल्म इंडस्ट्री की ग्लैमरस कलाकार मलाइका अरोड़ा का अभिनेता अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हो चुका है। ऐसे में उनके फैंस यह जानने के लिए बेकरार हैं कि उनका वर्तमान में स्टेटस क्या है। एक पोस्ट शेयर कर 'छैया छैया गर्ल' ने खुलासा कर बताया है कि अभी उनका रिलेशनशिप स्टेटस कैसा है।

मलाइका अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर एक मजेदार पोस्ट शेयर किया, जिस पर लिखा है, अभी मेरा रिलेशनशिप स्टेटस, इस लाइन के नीचे तीन ऑप्शन भी हैं, जिनमें पहला रिलेशनशिप में, दूसरा सिंगल और तीसरे पर हेहेहे लिखा है।

मजेदार बात है कि अरोड़ा ने अपने स्टेटस के लिए 'हेहेहे' पर टिक किया। यह पोस्ट मलाइका और उनके पूर्व प्रेमी अर्जुन कपूर के अलग होने के फैसले के बाद आया है।

अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने साल 2018 में डेटिंग शुरू की थी। हालांकि, उन्होंने कभी भी अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात नहीं की। सोशल मीडिया पर यह जोड़ा अक्सर अपने खूबसूरत पलों की तस्वीरें और पोस्ट शेयर करता नजर आता था। रोमांटिक हो या फनी दोनों के एक-दूजे के साथ में कई तस्वीरें हैं। मलाइका और अर्जुन कई इवेंट और पार्टियों में भी साथ नजर आते थे।

इस बीच बता दें कि अभी हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने खुलासा कर बताया था कि वह अपने कुछ खास काम करने जा रही हैं, जो कि उनके दिवंगत पिता अनिल कुलदीप मेहता को समर्पित होगी। मलाइका के पिता का इसी साल सितंबर में निधन हो गया था।

इस बीच मलाइका अरोड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो छैया छैया गर्ल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं और यात्रा के साथ कई ब्रांड्स के लिए शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा, वह एक डांस रियलिटी शो में जज की भूमिका में भी नजर आएंगी।

इसके साथ ही 'मुन्नी बदनाम हुई' फेम मलाइका स्टार्टअप-बेस्ड सीरीज में एक बिजनेस इन्वेस्टर के रूप में भी दिखाई देंगी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने की 20.25 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा

पीएम मोदी की हर गारंटी पूरा कर रही विष्णु देव साय सरकारः अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव सोमवार को अपने जन्मदिन पर बिलासपुर, मुंगेली और लोरमी प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुंगेली के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुंगेली नगर पालिका के विभिन्न वार्डों के लिए 20 करोड़ 25 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की।

श्री साव ने पार्किंग सहित नगर पालिका के नए भवन, वार्ड क्रमांक-8 में गौरव पथ के जीर्णोद्धार, सड़क डिवाइडर के निर्माण व सौंदर्यीकरण तथा वार्ड क्रमांक-6 में बुधवारी बाजार के जीर्णोद्धार एवं स्वामी विवेकानंद चौक के पुनर्विकास के लिए राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने वार्ड क्रमांक-8 में स्टेडियम परिसर में स्वीमिंग पुल के निर्माण, पुष्प वाटिका उद्यान के पुनर्विकास और मुंगेली शहर में पांच स्वागत द्वारों के लिए राशि मंजूर करने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी और मुंगेली में अपने जन्मदिन पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में क्षेत्र के विकास के लिए राशि की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में सक्रियता से विकास के कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की हर एक गारंटी को पूरा करने का काम विष्णु देव साय की सरकार कर रही है। उप मुख्यमंत्री साव ने सोमवार को लोरमी नगर पालिका में नौ करोड़ 84 लाख रुपए से अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

इनमें मानस मंच उन्नयन, रानीगांव तालाब सौंदर्यीकरण, कार्यालय में प्रथम तल एवं पार्किंग निर्माण, तुलसाघाट में सीसी रोड एवं नाली निर्माण, मुंगेली रोड और पंडरिया रोड में प्रवेश द्वार, कर्मा माता चौक वार्ड क्रमांक-11 और अम्बेडकर चौक वार्ड क्रमांक-15 में अटल परिसर एवं मूर्ति स्थापना के काम शामिल हैं। उन्होंने लोरमी में विभिन्न मदों से सीसी रोड व नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक-10 में आरसीसी पुलिया और वार्ड क्रमांक-8 रानीगांव में पुलिया निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अंतर्गत मुख्यंमत्री कौशल विकास से सक्षम हुई ज्योति

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। जिले के पिथौरा ब्लॉक की 26 वर्षीय युवती, ज्योति सोनी आज आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प की मिसाल बन चुकी हैं। एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मी ज्योति ने अपने माता-पिता की कठोर मेहनत और सीमित साधनों के बावजूद अपनी सफलता की कहानी खुद लिखी। उनके पिता दिहाड़ी मजदूरी मजदूर थे, और चार बच्चों वाले परिवार को चलाना उनके लिए हमेशा एक चुनौती रही। बावजूद इसके, माता-पिता ने उनकी शिक्षा को प्राथमिकता दी।



ज्योति ने अपने बचपन में आर्थिक समस्याओं और सीमित संसाधनों को देखा। उन्होंने पिथौरा के एक सरकारी हाई स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की। उच्च माध्यमिक शिक्षा के बाद, ज्योति ने अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश शुरू की। इसी दौरान, उन्हें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत फूलों की खेती (फ्लोरीकल्चर) में 6 महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिली। अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, ज्योति को बेंगलुरु में कैफे कॉफी डे में नौकरी का प्रस्ताव मिला। यह नौकरी उनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। आज, ज्योति अपनी मेहनत और काबिलियत से न केवल अपने परिवार को आर्थिक मदद कर रही हैं बल्कि अपनी खुद की पहचान भी बना रही हैं।

ज्योति की सफलता उनके परिवार के लिए गर्व की बात है। उनकी मां कहती है कि हमने अपनी बेटी को बहुत कठिन परिस्थितियों में पाला। आज वह हमारी मदद कर रही है और हमें गर्व महसूस होता है। उसने यह साबित कर दिया है कि बेटियां भी बेटों के समान काबिल होती हैं।

ज्योति बताती है कि उनके सफलता में स्थानीय महिला समूह और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा। अगर आंगनवाड़ी दीदी ने मुझे कौशल विकास कार्यक्रम के बारे में नहीं बताया होता, तो शायद मेरी शादी हो गई होती और मैं कभी आत्मनिर्भर नहीं बन पाती। उनकी मेहनत और उपलब्धियों को स्थानीय परियोजना अधिकारी और अन्य अधिकारियों ने भी सराहा।

अगर किसी के पास इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प हो, तो वह हर मुश्किल को पार कर सकता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे सरकारी प्रयासों और कौशल विकास कार्यक्रमों ने न केवल लड़कियों को शिक्षित किया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका भी दिया है।

जल जीवन मिशनः डांडपानी गांव के ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेय जल

श्रीकंचनपथ न्यूज

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में जल जीवन मिशने के कार्यों में तीव्रता आई है। डांडपानी झारखण्ड सीमा से लगा हुआ ग्राम है जिसमें जल जीवन मिशन द्वारा कुल चार सोलर एकल ग्राम योजना स्थापित की गई है जिसके माध्यम से 137 क्रियाशील घरेलु नल में जल दिया जा रहा है एवं कुल 143 एफएचटीसी में जल की आपूर्ति की जानी है हर एक योजना में 5000 ली. के 2 टंकी यानी 10000 लीटर की टंकी स्थापित की गई है।

जिला मुख्यालय जशपुर से लगभग 35 कि.मी. दूरी तथा मुख्य राज्य मार्ग से 18 कि.मी. दूरी पर जंगलों से घिरा विकासखंड दुलदुला के ग्राम डांडपानी। जिसमें कुल 143 क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन हैं जिसमें 137 एफएचटीसी में पानी आपूर्ति की जा रही है एवं बचे नलों में भी जल्द ही कार्य पूर्ण हो जायेगा।

जल जीवन मिशन के आने से पूर्व ग्रामीण अपनी पानी की दैनिक आवश्यकताओं के लिए हैंडपंप, कुओं एवं नदी पर निर्भर रहते थे, मुख्यतः महिलाएं पानी भरने के कार्यों को करती थी। जिसमें दिन का काफी समय लग जाया करता था एवं गर्मियों के मौसम में जल स्तर का नीचे जाने से नलकूप में पानी देर से आना अथवा नहीं आने की समस्या एवं बारिशों में पानी से तबीयत ज्यादा खराब होने की समस्याएं रहती थी।

जल जीवन मिशन के आने के बाद अब गांव के घर-घर तक नल से पानी आ रहा है जिससे अब पानी भरने की समस्या समाप्त हो गई है एवं ग्रामीणों का दिन का काफी समय बचता है। योजना के अंतर्गत अब पानी जांच कर उपयोग में लाया जा रहा है जिससे जल जनित बीमारियां जैसे हैजा, उल्टी, दस्त इत्यादि में काफी कमी आई है। आज की स्थिति में योजना के चालू हुए लगभग 3 महीने हो रहे हैं एवं कुछ कार्य प्रगतिरत हैं। जो जल्दी पूर्ण कर लिये जायेगें। पानी घर-घर तक आने से सभी ग्रामीण खुश हैं और मुख्यमंत्री तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

धान खरीदी केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

नारायणपुर। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टर बिपिन मांझी द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लिया गया। उन्होंने नियद नेल्लानार के स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत संचालित विभागीय अधिकारियों से कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा की पेयजल, सड़क निर्माण, वनाधिकार पटट्ा, सौर उर्जा, नलजल योजना, अस्पताल, अंगनबाड़ी, उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा से लाभान्वित करने निर्देशित किए।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना, पेयजल, छाया, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषण ट्रैकर, स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूल जनत कार्यक्रम में गुणवत्ता लाने, नियद नेल्लानार योजनातंर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो को अविलंब पूर्ण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि समय सीमा मे प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के ग्रामीणों को समय पर मिल सके। उन्होंने नियद नेल्लानार, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री जनमन तथा वर्ष 2024-25 के लिए पहुंचविहीन केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन, पूरक पोषण आहार और राशन सामग्री भण्डार करने तथा समग्र शिक्षा के तहत् स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की समीक्षा कर मंडी से धान उठाव की व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत स्थायीत्व प्रदान एवं भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुपालन एव ंराज्य स्तर नोडल अधिकारी नियुक्ति करने के संबंध में, सरकार से समृद्धि अंतर्गत एम-पैक्स, डेयरी, मत्स्य, वनोपज, सोसाईटी गठन, ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध कार्यवाही करने, छत्तीसगढ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा की। श्री मांझी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत संविदा पदों की भर्ती पूर्ण करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत वन अधिकार पट्टाधारी किसानों एवं विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के सेचूरेशन करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 में राजस्व ग्राम अंतर्गत वन पट्टाधारी कृषकों के प्रविष्टि करने, पूर्व में जनदर्शन में दिए गए आवेदन में कार्यवाही करने, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिये गये निर्देशानुसार जिले में संधारित निराश्रित निधि में उपलब्ध राशि के कार्ययोजना बनाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, कौशल विकास और नगरपालिका परिषद द्वारा संचालित योजनाओं का गहन समीक्षा किया। उन्होंने पशुधन विकास विभाग के उप संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुधनों को बिमारियों से बचाने के लिए शिविर लगाकर टीकाकरण कराएं।

जब से पहाड़ी कोरवा भोलाराम ने खरीदी स्कूटी, समय पर पहुंच पाता है ड्यूटी, किस्मत ने करवट बदली, नौकरी ने बदल दी जिंदगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। पहाड़ी कोरवा भोलाराम ने कभी साइकिल भी नहीं चलाई थीं। अपने परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी जंगल जाने की चली आ रही परम्परा के अनुसार वह भी बचपन से जंगल आता जाता रहा। गांव में जब स्कूल खुला तो उन्होंने किसी तरह पहले पांचवीं पास की, फिर 8वीं पास कर जीवनयापन के लिए छोटे से खेत में काम करने लग लग गया। इस बीच शादी हो गई, बच्चे हो गए और पर गरीबी और आर्थिक समस्याओं से घिरे पहाड़ी कोरवा भोला राम परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने संघर्षों से जूझता रहा।

आसपास काम मिल जाने पर मजदूरी करना, तीर-धनुष लेकर जंगल की ओर जाना और घर में छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने मन मसोस कर रखना जिंदगी की दिनचर्या में शामिल होती चली गई। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि उसकी किस्मत एक दिन ऐसी करवट बदलेगी कि जिंदगी बदल जायेगी और जंगल जाने वाला, पैदल चलने वाला पहाड़ी कोरवा इतना सक्षम हो जायेगा कि वह घर की जिम्मेदारियां निभा पायेगा, स्कूटी में सफर कर पायेगा।

यह कहानी कोरबा जिले के ग्राम कोरई के पहाड़ी कोरवा भोलाराम की है। बसाहट के कच्चे मकान में जीवन बसर करते आए पहाड़ी कोरवा भोलाराम की तकदीर अब उनके पूर्वजों की तरह नहीं रही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को नौकरी से जोड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई पहल का परिणाम उनके आर्थिक और पारिवारिक समृद्धि का भी द्वार खोलने लगा है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में निवासरत पीवीटीजी के सभी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार डीएमएफ से जिले के विद्यालयों, अस्पतालों में रिक्त पदों पर नौकरी देने की पहल की गई है। इसी कड़ी में ग्राम कोरई के पहाड़ी कोरवा भोलाराम की नौकरी भी बांगो एरिया के माचाडोली में स्थित शासकीय उच्चतर विद्यालय में लगी है। उन्होंने बताया कि अपने घर से लगभग तीस किलोमीटर की दूरी होने और इस मार्ग में बसें नहीं मिलने से वह कई बार समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाता था। हालांकि उन्होंने माचाडोली में अपने कार्यस्थल के पास भी रहने की व्यवस्था की है, लेकिन अवकाश दिनों और अन्य आवश्यक कार्य पड़ने पर घर से स्कूल तक सफर को आसान बनाने तथा समय पर ड्यूटी पहुंच पाने के लिए अपनी तनख्वाह से कुछ राशि बचत की। इस बीच परिचितों के माध्यम से स्कूटी और बाइक चलाना भी सीख गया। लगभग दस हजार रूपये अग्रिम भुगतान (डाउन पेमेंट) कर उन्होंने किश्त में बैटरी वाली एक स्कूटी खरीद ली। अब जबकि स्कूटी घर आ गई है, पहाड़ी कोरवा अवकाश दिनों में और अन्य जरूरी कार्य से अपने कर्तव्य स्थल से घर और घर से स्कूल तक आना जाना करता है। माचाडोली के विद्यालय में चतुर्थ पद भृत्य के पद पर नौकरी कर रहे भोलाराम ने बताया कि उनकी पत्नी और बच्चे को लेकर वह घूमने फिरने भी जाता है। उन्होंने बताया कि नौकरी मिलने के बाद जिंदगी अब पहले जैसी नहीं रही। घर का पूरा सिस्टम बदल गया है। समय पर खाना, समय पर सोना, समय पर स्कूल जाना होता है। घर की जरूरतों और जिम्मेदारियों को भी पूरा करने में नौकरी मददगार बनी है। इसलिए परिवार भी खुश है। भोलाराम का कहना है कि वह बहुत आगे तक नहीं पढ़ाई कर पाया है, क्योंकि वह शिक्षा के महत्व को नहीं जान सका था। आज उनकी नौकरी लगी है तो मालूम हो रहा है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा का कितना महत्व है, इसलिए वह भी अपने समाज के लोगों को जागरूक करते हुए अपने बच्चे को अच्छे से पढ़ाएगा। उनकी पत्नी प्रमिला बाई ने बताया कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि पति के साथ स्कूटी में बैठकर घूमने फिरने जाने का मौका मिलेगा। अब स्कूटी आने पर घर से बाहर कई बार स्कूटी में बैठकर जा चुकी है। गौरतलब है कि कोरबा जिले में पीवीटीजी के 119 युवा बेरोजगार युवाओं को अतिथि शिक्षक,भृत्य,वार्ड बॉय की इस वर्ष जुलाई माह से नौकरी दी गई है। रिक्त पदों पर अभी भी आवेदन लेकर नौकरी देने की प्रक्रिया जारी है। नौकरी के बाद पीवीटीजी के जीवन स्तर में बदलाव आने लगा है।

संविधान दिवस पर न्यायाधीशों ने छात्रों को बताया संविधान का महत्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। संविधान दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय में पहुंचकर न्यायाधीशों ने छात्र-छात्राओं को संविधान का महत्व बताया। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर आज प्रातः कृषि महाविद्यालय में पहुंचकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कु. पूजा मण्डावी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. वर्षा गर्डे ने छात्रों को संविधान दिवस एवं सविधान के बार में जानकारी दी।

जिला न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव ने संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान न सिर्फ हमारे अधिकारों के लिए है बल्कि संविधान हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हैं। उन्होंने संविधान की मूल भावना से छात्रों को अवगत कराया तथा बाद में छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के नेतृत्व में प्रारूप समिति द्वारा संविधान का निर्माण किया गया था। संविधान, देश के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के रूप में, उनके कर्तव्यों को समझने में सहायता करता है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट कवर्धा कु. पूजा मण्डावी एवं कु. वर्षा गर्डे द्वारा संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संविधान हम सबकी एकता, समानता, और देश के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करता है।

संघर्ष से परिवर्तन तक सरोज की यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। वनांचल नगरी विकासखण्ड के 15 घरों वाला छोटा सा गांव केकराडोंगरी एक ही हैण्डपम्प पर निर्भर था, जो कि अक्सर खराब रहता था। इसी गांव की 40 वर्षीय उत्साही महिला सरोज मरकाम बतातीं हैं कि उनके गांव में पानी को लेकर लंबी कतारें और विवाद आम बात थी, खासकर गर्मियों में जब जलस्त्रोत सूख जाते हैं। सरोज कहतीं हैं कि वह सूर्योदय से पहले उठती थी कि उसके परिवार को दिरभर के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। हैण्डपम्प तक का सफर, शारीरिक रूप से थका देने वाला और बोझ के कारण अक्सर उसके पास अपने खेत अथवा बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करने बहुत कम समय बचता था। स्वच्छ पेयजल एक विलासिता थी और दूषित पानी से होने वाली बीमारियां अक्सर होती थीं, जीवन एक अंतहीन संघर्ष जैसा महसूस हुआ। ऐसे में जल जीवन मिशन के तहत परिवर्तनकारी सौर आधारित जल योजना आई। इस कार्य के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी गांव पहुंचे और हर घर में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान करने के लिए सौर पैनल स्थापित किए और पाईपलाईन बिछाई। स्वच्छ पानी तक पहुंच के साथ सरोज का जीवन बदल गया।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

नाबालिग छात्र का रेता गला झाड़ियों में फेंक दिया शव

कोरिया। जिले के चम्पाझर ग्राम में एक बच्चे की हत्या कर उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रेमी और प्रेमिका गले मिल रहे थे, जिसे 7वीं के छात्र ने देख लिया। वह गांववालों को बता देने की बात कह रहा था, जिससे नाराज युवक ने चाकू से छात्र का गला काट दिया।

उल्लेखनीय है कि, 20 नवंबर को पटना थाना में एक नाबालिग बालक की गुमशुदकी की रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी। जिसके बाद 23 नवंबर को घुटरी टोला जंगल में नाबालिक बालक का मृत शव मिला। इस मामले में जब पुलिस ने जांच शुरू की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ आरोपी महेश प्रजापति 15 दिन पहले अपने दादा-दादी के घर चंपाझर आया था। उसका प्रेम संबंध गांव की एक युवती से था। एक दिन आरोपी महेश प्रजापति अपने गांव के पास प्रेमिका के गले मिल रहा था। इस दौरान छात्र अमन की दोनों पर नजर पड़ गई। इसके बाद छात्र ने आरोपी महेश प्रजापति को कहा कि, वह उसके घर में प्रेम संबंध के बारे में बता देगा। छात्र अमन की इस धमकी से आरोपी महेश प्रजापति डर गया। उसने अमन सिंह को नहीं बताने के लिए कई बार मना किया, लेकिन अमन नहीं माना। जिसके बाद उसने गला रेतकर अमन की हत्या कर दी और लाश को फेंक दिया।

धारदार हथियार से युवक की हत्या

रायपुर। राजधानी से लगे मंदिर हसौद इलाके में स्थित ग्राम बहना काड़ी के खदान पारा से

लगे प्लॉट में युवक की हत्या कर लाश को घसीट कर झाड़ियों में छुपा दिया। इसकी जानकारी उस समय मिली जब गांव की महिलाए गोबर कंडा व लकड़ी इकट्ठा करने गई थी झाड़ीयों के बीच शव को देखकर चिल्लाने लगी। इसकी जानकारी महिलाओं नें सरपंच को दी। फिर सरपंच ने मंदिर हसौद थाने को घटना से अवगत कराया इसकी जानकारी मिलते ही मंदिर हसौद सीएसपी, क्राइम ब्रांच फोरेंसिक टीम डॉग स्क्वाड घटना स्थल पहुंच कर छानबीन की।

सीएसपी के मुताबिक मृतक की पहचान रमेश काल पिता छोटे काल सीधी जिला मध्य प्रदेश का रहने वाले के रूप में हुई। मृतक राकेश दुबे की खदान को बंसल अग्रवाल द्वारा किराये पर चलाया जा रहा है, वहीं पर 1 साल से हेल्पर का काम करता था। हत्या धारदार हथियार से सिर के पीछे हिस्से पर वार किया गया है, जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना स्थल पर खून पड़ा हुआ है। मौत हो जाने पर घटना स्थल से 10 फीट तक घसीटकर घास की झाड़ियों के बीच शव को छिपाया गया है। क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक टीम जांच में जुटे हुए हैं। पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा।

शहर के दायरे में आया था बाघ, वन विभाग ने किया काबू, सीएम विष्णुदेव साय ने दी अफसरों को बधाई

अभियान इतनी कुशलता से किया गया कि बाघ को किसी तरह की चोट नहीं लगी

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। कसडोल शहर के बिल्कुल एक किमी के दायरे में पहुंच गये बाघ को वन विभाग ने सफलतापूर्वक काबू पा लिया। यह वाकया कसडोल शहर से लगे ग्राम कोट का है। बाघ एक पैरे के ढेर में छिप गया था। वन विभाग की टीम पहुंची और बेहद कुशलता से बाघ को ट्रैक्यूलाइज किया। टैक्यूलाइज करने के बाद बाघ कुछ देर तक होश में रहा और पास ही के पेट्रोल पंप के पीछे की तरफ आ गया लेकिन उसे तेजी से बेहोशी आई और फिर उसे नियंत्रित कर लिया गया।

बता दें कि बाघ के बिल्कुल शहर के पास आने से लोगों के लिए कौतूहल का विषय था कि इसे कैसे नियंत्रित किया जाएगा। वन विभाग के अमले ने इसकी योजना बनाई और बेहद सफलतापूर्वक यह कार्य संपन्न किया गया। बताया जाता है कि यह बाघ ओडिशा के रास्ते से बारनवापारा पहुंचा होगा। आठ महीने से यह बारनवापारा में सक्रिय था। बाघ की सक्रियता केवल कोर एरिया में रहे इसके लिए वन विभाग ने पर्याप्त प्रयास किये थे। जब बाघ का मूवमेंट कोर एरिया से बाहर होने की खबर मिली तो अमले ने सतर्कता से अपनी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि अब बाघ को किसी टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा ताकि इसे और भी सुरक्षित परिवेश मिले। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाघ को रेडियो कालर लगा दिया गया है। इससे बाघ के मूवमेंट पर नजर रखने में आसानी होगी। इसके रक्त का नमूना भी लिया गया है। बाघ पूरी तरह स्वस्थ है।

बाघ के हरकतों के बाद वन विभाग हुआ सक्रिय

उल्लेखनीय है कि बाघ के शहर के पास होने की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग एवं वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी कानन पेण्डारी चिड़ियाघर बिलासपुर डॉ. पीके चंदन वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी नंदन वन जू एवं जंगल सफारी नवा रायपुर डॉ. राकेश वर्मा तथा डॉ. रश्मिलता राकेश पशु चिकित्सा अधिकारी कसडोल के टीम ने तत्काल ग्राम कोट पहुंच कर ग्रामीण धीराजी के बाड़ी में रखे पैरा के ढेर में छुपे बाघ को ट्रैक्यूलाईज करने की प्रयास किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रायपुर वी श्रीनिवास राव प्रधान, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार, मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त रायपुर राजु अगसिमनी, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक उदन्ती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर सतोविशा समाजदार, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल, आनंद कुदरया अधीक्षक बारनवापारा भी मौजूद थे।

टाइगर रिजर्व बनने से बाघों को नैचुरल हैबिटेट में मिलेगा बेहतर परिवेश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वन विभाग के अधिकारियों को बाघ के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए 'गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व' के रूप में एक नया टायगर रिजर्व मिल गया है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व और असम के मानस टाइगर रिजर्व के बाद यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। इस टाइगर रिजर्व के बनने से बाघों को नैचुरल हैबिटेट में बेहतर परिवेश मिल पाएगा और इनके बेहतर संवर्धन के अवसर मिलेंगे। छत्तीसगढ़ में अब 4 बाघ रिजर्व हो गए हैं, जिससे प्रोजेक्ट टाइगर के तहत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से मिल रही तकनीकी और वित्तीय सहायता से इस प्रजाति के संरक्षण को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एक हफ्ते पहले ही टूरिस्टों ने अचानकमार में टाइगर साइट किया था। टाइगर रिजर्व बनने से एक बार छत्तीसगढ़ पुन: बाघों से गुलजार हो जाएगा।

राजधानी में गैंगरेप : युवती को पहले घर बुलाया व शराब पिलाकर किया दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती के पहचान वाले एक युवक ने बहाने पहले युवती को अपने घर बुलाया और शराब पिलाकर अपने दो दोस्तों के साथ उसका रेप किया। घटना 25 नवंबर की रात की है। दूसरे दिन युवती ने थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अलर्ट हुई और तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने प्रेमलाल साहू, राजू साहू और धनेश्वर उर्फ राधे निषाद को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी निवासी कांदुल थाना मुजगहन के हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी प्रेमलाल साहू से पीडिता की पहचान उसके एक अन्य मित्र के माध्यम से हुई थी। इस दौरान उसने पीडिता का मोबाइल नंबर ले लिया था। घटना दिनांक को प्रेमलाल ने फोन कर युवती को अपने घर पर बुलाया। पीडिता जब प्रेमलाल के घर पहुंची तो वहां उसके दो और साथी बैठे थे। परिचय होने के बाद युवती तीनों के साथ ऑटो में चली गई। इसके बाद एक अन्य जगह पर सभी ने शराब पी। नशे में तीनों ने युवती के सामूहिक दुष्कर्म किया और भाग गए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 70 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

छावनी सीएसपी ऑफिस में घुसी अनियंत्रत ट्रक, फेरीवालों को मारी ठोकर, चार घायल

भिलाई। छावनी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाद एक अनियंत्रित ट्रक सीएसपी कार्यालय की दीवार तोड़ते घुस गई। ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए फेरी वालों को ठोकर मारते हुए सीएसपी कार्यालय की बाउंड्रीवाल को तोड़ते जा घुसी। इस दौरान ट्रक की चपेट में आने से आईटीआई की तीन छात्राएं और एक फेरी वाला घायल हो गया है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार दोपहर बाद 3 से 3:30 बजे के आसपास की है। नंदिनी रोड पर पर ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 5692 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए सीएसपी कार्यालय की फेनसिंग को तोड़ दिया। हादसे से पहले उसने फेरीवालों को ठोकर मार दी। आईटीआई से कुछ छात्राएं भी पैदल जा रही थी उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में आईटीआई की छात्राएं डिंपल, नीतू व गरिमा तथा एक फेरी वाला लक्की घायल हो गया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि चालक को मिर्गी का दौरा आया और गाड़ी अनियंत्रित हो गई।

छावनी सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि 407 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सीएसपी कार्यालय के गेट को ठोकर मार दी। हादसे में तीन छात्राएं व एक फेरी वाला घायल है। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि चालक नशे में था या स्वास्थ्यगत कारणों से ऐसा हुआ इसकी जांच की जा रही है।

छात्रा से गैंगरेप : प्राचार्य, दो शिक्षक व एक वनकर्मी निलंबित

मनेन्द्रगढ़ (ए.)। जिले नाबालिग स्कूली छात्रा से गैंगरेप के मामले में सभी आरोपी निलंबित। जिला शिक्षा अधिकारी ने आरोपी प्रधान पाठक रावेंद्र कुशवाहा, प्राचार्य अशोक कुशवाहा, व्याख्याता कुशल सिंह परिहार को कर दिया है। साथ ही उप वन क्षेत्रपाल बनवारी सिंह को मुख्य वन संरक्षक ने भी निलंबित कर दिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनकपुर थाना क्षेत्र में भरतपुर ब्लाक के देवगढ़ हाईस्कूल के प्रिंसिपल और दो शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया है। इन तीनों पर स्कूल की एक 11 क्लास की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि, स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुशवाहा, शिक्षक रावेंद्र कुशवाहा और शिक्षक कुशल सिंह परिहार के एक वनकर्मी बनवारीलाल भी इस कांड में शामिल है।

चारों लोग सप्ताहभर से उक्त छात्रा को एक किराए के कमरे में ले जाकर रेप कर रहे थे। शिक्षक राघवेंद्र कुशवाहा ने छात्रा का कोई वीडियो बना लिया था। शिक्षकों ने छात्रा को धमकी भी दी थी। शिक्षकों ने इस वारदात के बारे में किसी को बताने पर जान से मार डालने की चेतावनी दी थी। इस मामले में एक वनकर्मी को बनवारी पर भी रेप का आरोप है। गांव के लोगों के मुताबिक, सूत्रों के मुताबिक शिक्षक रावेंद्र कुशवाहा ही इस कांड का सरगना है। उसी ने छात्रा को बहलाया था, फिर दूसरे शिक्षकों को भी उसे सौंपा। शिक्षक रावेंद्र कुशवाहा ही नाबालिग छात्रा को किराए के कमरे में ले जाकर बारी- बारी से सभी शिक्षकों और एक वनकर्मी बनवारी को सौंपा। अब पुलिस ने वनकर्मी बनवारी लाला को भी गिरफ्तार कर लिया है।

सड़क हादसे 2 की मौत, दो घायल

महासमुंद (ए.)। बीती रात एन एच 53 पर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गये। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि 10.30 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली झलप से मकान सेंटिंग का सामान लेकर पतेरापाली जा रही थी। तभी एन एच 53 पर रायतुम के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास मे अनियंत्रित होकर पलट गयी। ट्रैक्टर में सवार 06 लोगो मे से 02 की मौके पर ही मौत हो गयी व 02 गंभीर रुप से घायल हो गये एवं 02 को मामूली चोटे आई। सूचना पर 112 की टीम मौके पर पहुंचकर घायल डेमन ठाकुर व प्रेम शंकर निषाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा पहुंचाया । मृतक प्रेम सिंग खडिया व धेनु ध्रुव को हाइवे पेट्रोकिंग 1033 की मदद से पिथौरा अस्पताल भेजवाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पटेवा पुलिस राहत कार्य के बाद मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

जेल प्रहरी को चकमा देकर कैदी जिला अस्पताल से भागा

रायपुर। जेल प्रहरी को चकमा देकर कैदी जिला अस्पताल से फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस जेल प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया है। बता दें कि पंचराम निषाद उर्फ पंचू चोरी के आरोप में जिला जेल में विचाराधीन बंदी था। उसके खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज है। जानकारी के अनुसार पेट दर्द होने पर एम्बुलेंस से कैदी पंचू को प्रहरी जिला अस्पताल लेकर गया था। यहां अस्पताल के शौचालय में बैठकर हथकड़ी खोलकर कैदी फरार हो गया।

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

//ज्ञापन//

क्रमांक/क/वाचक/तहसीलदार/ 2023
रायपुर, दिनांक 28/11/2023

प्रति,
1. राजस्व निरीक्षक (ग्राम-डोमा) तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
2. हल्का पटवारी (ग्राम- डोमा) तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

विषय :- सीमांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक प्रमोद कुमार पिता राज किशोर निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-129 छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-डोमा, प0ह0नं0 84, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-189/16, रकबा 0.0139 हे0 भूमि का सीमांकन किये जाने हेतु निवेदन किया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख की छायाप्रति एवं वांछित सीमांकन शुल्क की राशि चालान द्वारा बैंक में जमा किए जाने के संबंध में चालान प्रति संलग्न किया है।

अत: आप संहिता मं प्रावधानित नियमों के तहत् हितबद्ध पक्षकारों को सूचना देते हुए आवेदित भूमि का विधिवत सीमांकन कर इस न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।

तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

//ज्ञापन//

क्रमांक /क/ वाचक/तहसीलदार/ 2023
रायपुर, दिनांक 28/11/2023

प्रति,
1. राजस्व निरीक्षक (ग्राम-डोमा) तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
2. हल्का पटवारी (ग्राम- डोमा) तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

विषय :-सीमांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक बिजेन्द्र शुक्ला पिता हरिवंश प्रसाद शुक्ला निवासी - रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-129 छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-डोमा, प0ह0नं0 84, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-189/15, रकबा 0.0093 हे0 भूमि का सीमांकन किये जाने हेतु निवेदन किया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख की छायाप्रति एवं वांछित सीमांकन शुल्क की राशि चालान द्वारा बैंक में जमा किए जाने के संबंध में चालान प्रति संलग्न किया है।

अत: आप संहिता में प्रावधानित नियमों के तहत् हितबद्ध पक्षकारों को सूचना देते हुए आवेदित भूमि का विधिवत सीमांकन कर इस न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।

तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

आईजी गर्ग अचानक पहुंचे भिलाई नगर सीएसपी ऑफिस

आदतन अपराधियों पर कार्रवाई का दिया निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा मंगलवार को नगर पुलिस अधीक्षक, भिलाई नगर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आईजी गर्ग ने पिछले वर्षो के समस्त समस्त लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त के दौरान सतर्क रह कर ड्यूटी करें और संदिग्धों से पूछताछ करें। गुंडा-बदमाशों और आदतन अपराधियों पर सख्त निगरानी रखें और कार्रवाई करें। आईजी ने यह भी कहा कि भ्रष्ट व संदिग्ध आचरण वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने मंगलवार को नगर पुलिस अधीक्षक, भिलाई नगर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्षो के समस्त समस्त लंबित अपराधों की सूक्ष्मता से विश्लेषण करते हुए उनके त्वरित और प्रभावी निपटारे हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण में श्री गर्ग ने भिलाई नगर अनुविभाग के समस्त थानों से संबंधित पेंडिंग अपराध, खात्मा, खारजी, रोजनामचा एंट्री, गुम इंसान, और जब्त माल के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने रात्रि गश्त के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने और गुंडा-बदमाशों, चाकूबाजों एवं आदतन अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। इन व्यक्तियों की नियमित चेकिंग और उन पर सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

आईजी गर्ग ने कार्यालय में रखे गए महत्वपूर्ण रजिस्टरों जैसे अपराध डायजेस्ट, मर्ग, शिकायत, केस डायरी मूवमेंट, रोजनामचा विवरण, परवाना रजिस्टर आदि की जांच की। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त निर्देशों के समय पर पालन और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समस्त कर्मचारियों को ईमानदारी पूर्ण ड्यूटी करने एवं भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, भिलाई नगर अनुविभाग के समस्त थाना प्रभारी, तथा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से स्टेनो श्रीनिवास राव, रीडर उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, और पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./202411113700015/ अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 14/11/2024

प्रति,
मेसर्स खुशबू विहार द्वारा भागीदार श्री प्रशांत रायजादा पिता श्री देशपाल रायजादा निवासी म.नं. ई-11, अनुपम नगर, टी.वी. टॉवर के पास, शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

द्वारा :-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक श्री रोहित सिक्का पिता श्री सिरसिंधू सिक्का निवासी म.नं. 23/3361, त्रिमूर्ति नगर टिम्बर मार्केट, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम सेरीखेडी, प.ह.नं. 77, तहसील व जिला रायपुर स्थित खुली भूमि खसरा नंबर 238/11 का भाग, रकबा 0.0106 हे. याने 1150 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता मेसर्स खूशबू विहार द्वारा भागीदार श्री प्रशांत रायजादा पिता श्री देशपाल रायजादा निवासी म.नं. ई-11, अनुपम नगर, टी.वी. टॉवर के पास, शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24/05/2023 को क्रय किया गया है। अत: आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 29/11/2024 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर, (छत्तीसगढ़)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030

Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more

पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस

फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।

Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सीएम साय कैबिनेट का फैसला: सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से सीधे बीज खरीद सकेंगे छत्तीसगढ़ के किसान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसला लिया। इसके तहत भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से आवश्यकतानुसार सीधे बीज क्रय किया जा सकेगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम 2002 के नियम 4 में छूट देने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पम्प स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2023 में परियोजना विकासकर्ता को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की तिथि से प्रथम पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 01 लाख रुपए प्रति मेगावाट की दर से लिए जाने वाले हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। हरित ऊर्जा शुल्क में प्रत्येक पांच साल के बाद 25 प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रावधान था, इसे भी समाप्त कर दिया गया है। इससे राज्य में जल विद्युत परियोजनाओं एवं ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) से आवास, नगरीय विकास एवं अन्य क्षेत्रों में सहायता प्राप्त करने हेतु समझौता ज्ञापन (रूश्) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य को हुडको द्वारा आगामी 5 वर्षो में एक लाख करोड़ रूपए तक की वित्तीय सहायता, परामर्श, क्षमता विकास सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है।

मंत्रीमंडल के महत्वपूर्ण निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अब तक तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने पर राज्य शासन द्वारा लागू व्यपवर्तन शुल्क प्रीमियम, अर्थदण्ड एवं भू-राजस्व के पुन: निर्धारण से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इससे हाउसिंग बोर्ड के मकान क्रेताओं को लाभ होगा।

मंत्रिपरिषद ने विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उप समिति द्वारा अनुशंसित 54 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने आगामी कार्यवाही किए जाने का अनुमोदन किया।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य में मक्का फसल तथा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत दलहन-तिलहन और रबी विपणन मौसम 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए नेफेड एवं एनसीसीएफ को प्रोक्योरमेंट एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वितरण हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को आवश्यक चना उपार्जन, ह्द्दरूरू ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने की अनुमति दी गई।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा फ्री-होल्ड किए गए आवासीय भूखण्डों के लिए व्यपवर्तन शुल्क एवं अर्थदण्ड से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत किये जाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया है।

छत्तीसगढ़ में जल्द लागू होगी इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी केरल के बाद बनेगा देश का दूसरा राज्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में जल्द इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी लागू की जायेगी। ऐसा करने वाला देश का दूसरा राज्य होगा अपना छत्तीसगढ़, जहां इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी लागू होगी। वन विभाग ने इस संबंध में ड्राफ्ट भी तैयार कर लिया है। यह जानकारी वनमंत्री केदार कश्यप एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को नया रायपुर के मेफेयर में 'क्लाइमेट रेसिलिएंट छत्तीसगढ़ हरित और सशक्त भविष्य की ओर' विषय पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए दी।

अभी तक देश के एक मात्र राज्य केरल में यह पॉलिसी लागू है। इस पॉलिसी के लागू होने से राज्य में वनों का संवर्धन, जल स्त्रोतों का संरक्षण, मिट्टी का कटाव रोकने के साथ ही जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और पूर्वी राज्यों में जलवायु अनुकूलता और लो कार्बन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान साझा करना और विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद स्थापित करना था।

क्लाइमेट स्टूडियो की स्थापना को स्वीकृति: कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पांडे ने कहा कि राज्य सरकार ने क्लाइमेट स्टूडियो की स्थापना को स्वीकृति दी है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नेटिव स्पीशीज के पौधों के रोपण, वन क्षेत्रों के विकास और वेटलैंड संरक्षण की योजनाओं पर जोर दिया। कार्यक्रम में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पर्यावरणविद, शिक्षाविद और नीति-निर्माताओं ने व्यापक चर्चा की। इस कार्यशाला में पर्यावरण और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात मिश्रा, सीड के डायरेक्टर डॉ. मनीष राम, क्रेडा के अभिषेक शुक्ला, झारखंड वन विभाग के रवि रंजन, पश्चिम बंगाल सरकार के चीफ एनवायरनमेंट ऑफिसर धर्मदेव राय, ठाकुर प्यारेलाल इंस्टीट्यूट निमोरा के डायरेक्टर पीसी मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र के प्रोजेक्ट साइंटिस्ट डॉ. अनिल श्रीवास्तव, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन प्रदीप टंडन, आईआईएम रायपुर के डॉ. राहुल बी. हीरेमथ, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निनाद बोधनकर, सीजी कास्ट के साइंटिस्ट और कलिंगा विश्वविद्यालय के डॉ. मनोज सिंह सहित कई विशेषज्ञ उपस्थित थे।

जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों से निपटने पर चर्चा

कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों और उससे निपटने के महत्व पर चर्चा की। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 'जनजाति समुदाय सदैव जल, जंगल, और जमीन का संरक्षक रहा है। उन्होंने 1910 के भूमकाल आंदोलन का उल्लेख करते हुए जनजातीय समाज ने अंग्रेजों से अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। श्री कश्यप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सरकार के सतत विकास लक्ष्यों का अभिन्न हिस्सा है।

जलवायु परिवर्तन केवल चर्चा का विषय नहीं : वित्तमंत्री चौधरी

वित्त मंत्री चौधरी ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं को पर्यावरण संरक्षण के आदर्श उदाहरणों के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कैलाश पर्वत और भगवान शिव-पार्वती, गणेश और कार्तिकेय के साथ उनके वाहन नंदी, बाघ, मूषक और मोर सबके एक साथ रहने के उदाहरण देते हुए सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन केवल चर्चा का विषय नहीं है, यह हमारे राज्य और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का माध्यम है।' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रीन इकॉनमी को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। श्री चौधरी ने ग्रीन इकॉनमी, बायोफ्यूल, और सोलर एनर्जी पर विशेष जोर देते हुए युवाओं को पर्यावरण नवाचारों और हरित निवेश में भागीदारी का आह्वान किया।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने किया नगरीय प्रशासन विभाग का पोर्टल लॉन्च

योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की मिलेगी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नए विभागीय पोर्टल www.cguadfinance.in को लॉन्च किया। उन्होंने पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे शहरी प्रशासन और विकास के कार्यों को ज्यादा पारदर्शी बनाने, निर्माण कार्यों के प्रभावी व त्वरित मॉनिटरिंग तथा उनकी प्रगति की समीक्षा में सहूलियत होगी। यह पोर्टल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 2047 तक विकसित भारत के विजन की दिशा में बड़ा कदम है। इससे हम पेपरलेस प्रशासन और डिजिटल सशक्तिकरण की ओर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

विभाग द्वारा इस पोर्टल को विशेष रूप से नगरीय निकायों में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यों की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग के लिए विकसित किया गया है। यह पोर्टल निकायों के कार्यों की निगरानी को सरल और प्रभावी बनाएगा। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाओं का पूरा लाभ नागरिकों तक पहुंचे। यह पोर्टल डिजिटल इंडिया का दायरा बढ़ाने के साथ ही विभाग को आधुनिक कार्यप्रणाली से जोड़ता है। इस पोर्टल के उपयोग से न केवल विभाग की दक्षता बढ़ेगी, बल्कि कार्यों की त्वरित मॉनिटरिंग में भी हो सकेगी। पोर्टल की लॉन्चिंग के दौरान मुंगेली के कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पोर्टल से इन कार्यों में मिलेगी मदद

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नए शुरू हुए पोर्टल www.cguadfinance.in से विभागीय प्रक्रियाएं डिजिटल और पेपरलेस होंगी, जिससे संसाधनों और समय की बचत होगी। इससे विभाग और नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी। इस पोर्टल के माध्यम से अधोसंरचना मद और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग एवं निकायों को जारी राशि की समीक्षा की जाएगी। इससे कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने में सहायता मिलेगी जिसका लाभ निकायों के रहवासियों को मिलेगा। पोर्टल से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ ही निकायों के आय-व्यय, संपत्ति कर और अन्य करों की वसूली की स्थिति की जानकारी मिलेगी। इसके माध्यम से विभाग के न्यायालयीन प्रकरणों और उनके समाधान की प्रगति की ट्रैकिंग भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से आशा को मिला नया जीवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जब जीवन में हर तरफ अंधेरा दिखाई देने लगे तब उम्मीद के एक छोटी सी रोशनी भी पूरे जीवन को प्रकाशवान कर जाती है। ऐसी ही कहानी है कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रेमते में रहने वाली 15 साल की आशा चक्रेश की। सिकलसेल से पीड़ित आशा के जीवन में कई उतार चढ़ाव आये पर कहीं भी उम्मीद की किरण दिखाई नहीं दे रही थी। यहां पर आशा के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना एक नई उम्मीद बन कर आई।

आशा को जन्म से ही सिकलीन की बीमारी है। यह जानकारी मजदूर माता पिता के लिए किसी सदमे से कम नहीं थी। चिकित्सकों ने बताया था कि आशा को सिकलसेल की बीमारी का वह प्रकार है जो 10 लाख लोगों में एक व्यक्ति को होने वाली बीमारी है। इस संबंध में आशा की माता बिमला बाई चक्रेश ने बताया कि आशा के पिता स्व. मंगलराम चक्रेश उसके स्वास्थ्य और इलाज के लिए हमेशा चिंतित रहा करते थे। आशा के ईलाज के लिए दंपत्ति ने अपनी छोटी सी बचत और आयुष्मान भारत योजना की सहायता से कई अस्पतालों का चक्कर लगाया। रायपुर से लेकर इंदौर, मुंबई सभी जगह आशा की जांच कराने के बाद भी निराशा ही हाथ लगी थी।

बचपन से हर महीने आशा को खून चढ़ाने अस्पताल का चक्कर लगाना ही पड़ता था और इसका खर्च भी वहन करना पड़ता था। ऐसे में एक दिन एक दुखद दुर्घटना में पिता मंगलराम का भी निधन हो गया। इस हालात में आशा का आगे का इलाज असंभव लगने लगा था। एक दिन जिला प्रशासन द्वारा मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया था जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी। हमारे लिए इसका खर्च उठा पाना संभव नहीं था तब जिला प्रशासन से जांच हेतु 01 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराई।

नशीली दवा बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, डिप्टी सीएम विजय शर्मा बैठक लेकर अफसरों को दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में नशीली दवाओं के सेवन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हो यह सुनिश्चित किया जाए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंत्रालय महानदी भवन में प्रदेश में नशीली दवाओं के विक्रय एवं सेवन पर वैधानिक कार्यवाही करने और नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के लिए गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में इस आशय के निर्देश दिए गए। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित थे। डिप्टी सीएम शर्मा ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा है कि नशीली दवाओं के नियंत्रण के लिए मेडिकल दुकानों का नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण करें तथा ऐसे मेडिकल शॉप जो वैधानिक नशीली दवाओं के कारोबार में संलग्न है उन पर त्वरित एवं कठोर कार्यवाही करें। ऐसे दुकानदारों पर एफआईआर करें तथा गिरफ्तारी की भी कार्यवाही करें। उपमुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों का सहयोग लेने की भी बात कही है।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नियंत्रक खाद्य एवं औषधि को पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर ड्रग इंस्पेक्टर की टीम बनाकर लगातार दवाई दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुवा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारीक, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त एवं सामान्य प्रशासन तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन चंदन कुमार सहित पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना: एक ही परिवार की तीन पीढ़ी को मिल रहा योजना का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और आर्थिक संबल का एक बड़ा जरिया बन गया है, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में महतारी वंदन योजना से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बल मिल रहा है। कबीरधाम जिले के बोडला विकासखंड के ग्राम भोंदा निवासी मरार पटेल का संयुक्त परिवार आज हितग्राही परिवारों के लिए प्रेरणा है। इस परिवार में सदाराम पटेल, उनके छोटे भाई रामकुमार पटेल सपत्नीक, बेटों, बहुओं और पोते-पोतियों के साथ रहते हैं। इस परिवार के तीन पीढ़ियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना से यह परिवार आर्थिक मजबूती हासिल कर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ठोस योजनाएं भी बना रहा है। सदाराम पटेल और उनकी पत्नी सुखबती पटेल के दो बेटे और बहुएं हैं। बड़ी बहू दिलेश्वरी पति गीताराम और उनके तीन बच्चे बरखा, अंजू और प्रभा। दूसरी बहु मनीषा पति जगियाराम और उनका बेटा मिंताशु है। सदाराम के छोटे भाई रामकुमार पटेल और उनकी पत्नी बीरझा बाई के भी दो बेटे और बहुएं हैं। बड़ी बहू अनिता पति नरेन्द्र जिनके दो बेटे और एक बेटी हैं। इसी तरह दूसरी गनेशिया पति फगियाराम और उनकी एक बेटी है।

परिवार की बहुओं और माताओं ने महतारी वंदन योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने योजना से मिलने वाली राशि को बेटियों की शिक्षा और शादी के लिए उपयोग करने का मन बनाया है। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना और ग्रामीण डाक जीवन बीमा में लाभकारी योजना में निवेश का निश्चय किया है। उनका कहना है कि इस योजनाओं से बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। योजनाएं 2039-40 तक उनके बच्चों के भविष्य के लिए आर्थिक रूप से सहायक साबित होंगी। पटेल परिवार की बहुएं श्रीमती सुखबती पटेल और श्रीमती बीरझा बाई ने बताया, महतारी वंदन योजना ने हमें आत्मनिर्भर बनने और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में काम करने का विश्वास दिया है। परिवार के भी का मिला कर हर माह 6 हजार रुपए की अतिरिक्त आय से हमारा जीवन स्तर बेहतर और खुशहाल होने लगा है। पांच साल में यह राशि 3.60 लाख तक पहुंच जाएगी। हमे पूरा विश्वास है कि यह योजना आगे भी चलते रहेगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना का शुभारंभ एक मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

इसके अंतर्गत 21 वर्ष से अधिक आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को एक-एक हजार रूपए की मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।योजना के तहत अब तक राज्य की महिलाओं को कुल 5878 करोड़ 37 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनके परिवारों को आर्थिक स्थिरता प्रदान की है। यह योजना न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा कर रही है, बल्कि भविष्य के लिए भी मजबूत आधार तैयार कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950